

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


हर होने वाली दुल्हन के ...8




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

गुरुवार, 29 दिसंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 09 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## भारत जोड़ो यात्रा: दिल्ली में राहुल गांधी की सुरक्षा में हुई चूक, कांग्रेस ने गृह मंत्री को पत्र लिखा

नई दिल्ली। कांग्रेस की ओर से भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है। कांग्रेस की भारत जोड़ यात्रा फिलहाल दिल्ली में है। इन सबके बीच कांग्रेस ने गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में कांग्रेस की ओर से दावा किया गया है कि दिल्ली में 24 दिसंबर को भारत यात्रा की सुरक्षा में सेंध लगी थी और दिल्ली पुलिस राहुल गांधी के इर्द–गिर्द भीड़ को नियंत्रित कर घेरा बनाने में नाकाम रही। कांग्रेस का दावा है कि राहुल गांधी को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। बावजूद इसके उनकी सुरक्षा में सेंध लगी है। गृह मंत्री अमित शाह को यह पत्र संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने लिखी है। उन्होंने अपने पत्र में आग्रह किया है कि अब आगे पंजाब और जम्मू कश्मीर जैसे संवेदनशील राज्य में राहुल गांधी की यात्रा है इसलिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। आपको बता दें कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 7 सितंबर से तमिलनाडु के कन्याकुमारी में शुरू हुई थी। भारत जोड़ो यात्रा तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, राजस्थान हरियाणा होते हुए दिल्ली पहुंच चुकी है। 24 दिसंबर को राहुल गांधी की यह यात्रा दिल्ली में पहुंची थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भारी हुजूम भी देखने को




मिला। केसी वेणुगोपाल ने दावा किया कांग्रेस कार्यकर्ताओं और भारत यात्रियों को राहुल गांधी के आसपास घेरा बनाना पड़ा था। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजीव गांधी तथा कुछ अन्य कांग्रेस नेताओं की अतीत में हुई हत्या का भी अपने पत्र में उल्लेख किया है। केसी वेणुगोपाल ने साफ तौर पर कहा कि सरकार को प्रतिशोध की राजनीति में नहीं पड़ना चाहिए और कांग्रेस नेताओं को पूरी तरीके से सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा फिलहाल जनवरी में शुरू होगी। कांग्रेस की यह यात्रा उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब होते हुए जम्मू कश्मीर जाएगी। कांग्रेस लगातार दावा कर रही है कि भाजपा और आरएसएस देश में नफरत का माहौल बना रहे हैं। इस नफरत को खत्म करने के लिए राहुल गांधी की ओर से यह भारत में जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है।

## मोदी जी, इस कठिन समय में मेरा प्यार और समर्थन आपके साथ है, राहुल ने ट्वीट कर कहा

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बां की तबीयत खराब है। फिलहाल वह अहमदाबाद के एक अस्पताल में भर्ती हैं। इन सबके बीच खबर यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी मां से मिलने के लिए अस्पताल पहुंचेंगे। दूसरी ओर इस खबर पर राहुल गांधी ने भी ट्वीट किया है। अपने ट्वीट में राहुल गांधी ने साफ तौर पर कहा है कि नरेंद्र मोदी जी, इस कठिन समय में मेरा प्यार और समर्थन आपके साथ है। अपने ट्वीट में उन्होंने कहा कि एक मां और बेटे के बीच का प्यार अनन्त और अनमोल होता है। मोदी जी, इस कठिन समय में मेरा प्यार और समर्थन आपके साथ है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं आशा करता हूं आपकी माताजी जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी को अहमदाबाद में यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया है। अस्पताल का कहना है कि उनकी स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री जी की पूज्य माता जी के अस्वस्थ होने का समाचार प्राप्त हुआ है। हम सब उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। सेंटर के अनुसार, हीराबेन मोदी (100) की हालत स्थिर है। प्रधानमंत्री मोदी के अपनी बीमार मां से मिलने अस्पताल पहुंचने की खबरों के बीच अस्पताल के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है।*

## पीएम मोदी ने जाना मां का हाल-चाल

### 80 मिनट तक अस्पताल में रहे मौजूद

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां



हीराबेन की तबीयत खराब हो गई है। उन्हें अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मां की तबीयत खराब की सूचना मिलने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीधे अहमदाबाद पहुंचे। उन्होंने यूएन अस्पताल पहुंचकर अपनी मां का हाल–चाल ज्यादा है। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगभग 80 मिनट तक अस्पताल में रहे उन्होंने मां की समस्याओं को लेकर डॉक्टर से भी बातचीत की है। डॉक्टर्स के मुताबिक हीराबेन की तबीयत में सुधार हो रहा है। नरेंद्र मोदी के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। वहीं, दूसरी ओर हीराबेन के स्वस्थ होने को लेकर देश के अलग–अलग हिस्सों में पूजा पाठ में होने लगे हैं। दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कई अन्य पार्टी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी की मां हीराबेन मोदी के अस्वस्थ होने पर चिंता जताते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। खड़गे ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की माताजी के स्वास्थ्य लाभ की हम कामना करते हैं। आशा है कि वह जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं। राहुल गांधी ने ट्वीट किया कि एक मां और बेटे के बीच का प्यार अनन्त और अनमोल होता है। मोदी जी, इस कठिन समय में मेरा प्यार और समर्थन आपके साथ है। मैं कामना करता हूं कि आपकी माताजी जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं।

## जयशंकर 29 दिसंबर से तीन जनवरी तक साइप्रस, आस्ट्रिया की यात्रा पर जायेंगे

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर 29 दिसंबर से तीन जनवरी तक आधिकारिक यात्रा पर साइप्रस और आस्ट्रिया जायेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, जयशंकर 29 से 31 दिसंबर 2022 तक साइप्रस की यात्रा पर रहेंगे। इस वर्ष भारत और साइप्रस के बीच राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। बयान के अनुसार, अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर साइप्रस के अपने समकक्ष लोआनिस कासोउलिडेस के साथ बैठक करेंगे। वह साइप्रस की प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष अन्निता डेमेट्रियू से भी भेंट करेंगे।



जयशंकर का साइप्रस में कारोबारी एवं निवेश समुदाय को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इसके अलावा विदेश मंत्री वहां भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित भी करेंगे। मंत्रालय के बयान के अनुसार, आस्ट्रिया में विदेश मंत्री जयशंकर यूरोपीय एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों के मंत्री एलेक्जेंडर शैलेनवर्ग से मुलाकात करेंगे। पिछले 27 वर्षों में भारत से विदेश मंत्री स्तर पर आस्ट्रिया की यह पहली यात्रा है। जयशंकर की आस्ट्रिया यात्रा वर्ष 2023 में दोनों देशों के राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ की पृष्ठभूमि में हो रही है। गौरतलब है कि शैलेनवर्ग ने मार्च 2022 में भारत की यात्रा की थी। इस वर्ष शैलेनवर्ग और जयशंकर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों से इतर तीन बार मिल चुके हैं। अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर आस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहामर से मिलेंगे। वह भारतीय समुदाय के लोगों से भी संवाद करेंगे। उनका विएना स्थित अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक मारिआनो ग्रोसी से मुलाकात का भी कार्यक्रम है।

## जम्मू–कश्मीर पर अमित शाह की हाईलेवल मीटिंग

### NIA चीफ और एलजी समेत बड़े नेता रहे मौजूद

श्रीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू–कश्मीर और




लद्दाख में सुरक्षा और विकास परियोजनाओं की स्थिति के संबंध में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।दिल्ली में शाम को होने वाली बैठकों में केंद्र शासित प्रदेशों और गृह मंत्रालय (एमएचए) के अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में तमाम बड़े अधिकारी और जम्मू–कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा भी शामिल हुए। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक, जम्मू–कश्मीर के डीजीपी सहित खुफिया ब्यूरो (आईबी) और रॉ के प्रमुख ने बैठक में भाग लिया। जम्मू के सिदरा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ पर भी गृह मंत्रालय की पैनी नजर है।

## पीएम मोदी की मां हीरा बा की बिगड़ी तबीयत, अहमदाबाद के अस्पताल में हुई भर्ती

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को बुधवार को गुजरात के अहमदाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। खबरों के मुताबिक, हीराबेन मोदी की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल ले जाया गया। पीएम मोदी की मां इस साल 100 साल की हो गईं और उन्हें पहले भी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुजरात विधानसभा चुनाव के प्रचार के बाद पीएम नरेंद्र मोदी गांधीनगर में अपनी मां से उनके घर पर मिले थे। इससे पहले पीएम मोदी के छोटे भाई प्रह्लाद मोदी मंगलवार को एक कार एक्सीडेंट में घायल हो गए थ। रिपोर्टों के अनुसार, वह अपने बेटे, बहू और पोते के साथ बांदीपुर जा रहे थे, जब उनकी मर्सिडीज बेंज कर्नाटक के मैसूरु के पास एक डिवाइडर से टकरा गई। सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना के वक्त चालक के अलावा प्रह्लाद, उनके पुत्र, पुत्रवधू और एक बच्चा कार में था। ऐसा बताया गया है कि उन्हें कुछ चोटें आई हैं और उन्हें जेएसएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक कि चोटें ''मामूली''बताई जा रही हैं। यह हादसा अपराह्न करीब डेढ़ बजे काडाकोला के निकट हुआ। ऐसा बताया जा रहा है कि बांदीपुर जा रही कार सड़क पर बने डिवाइडर से जा टकराई।

## Tunisha Sharma Death : पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर का खुलासा, तुनिषा शर्मा की गर्दन पर थे गहरे निशान, कोई और चोट नहीं

नई दिल्ली। 20 साल की टीवी एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा की आत्महत्या से हर कोई सदमें में हैं। किसी को यकिन नहीं हो रहा है कि अचानक ऐसा क्या हो गया की तुनिषा ने अपनी जिंदगी को हमेशा के लिए खत्म कर लिया। तीन महीने के रिलेशनशिप के लिए तुनिषा मे अपनी जांन दे दी इस बात को कोई भी आसानी से नहीं पचा पा रहा है। तुनिषा की मां के आरोपों के आधार पर तुनिषा के को–एक्टर और बॉयफ्रेंड शीजान खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। फिलहाल शीजान खान हिरासत में हैं और पुलिस उनसे पूछताछ कर रही हैं। शीजान खान को वालीव पुलिस ने



आईपीसी की धारा 306 के तहत गिरफ्तार कर लिया था। शीजान 24 दिसंबर से पुलिस हिरासत में है। तुनिषा शर्मा की मौत के मामले में एक नया एंगल भी सामने आ रहा है। तुनिषा शर्मा के शरीर पर कोई भी चोट के निशान नहीं : तुनिषा शर्मा के दाह संस्कार के बाद एफएंडबी अस्पताल के एक डॉक्टर ने 24 दिसंबर को उस पल के बारे में जानकारी दी जब दिवंगत अभिनेता को उनके सहयोगियों द्वारा अस्पताल लाया गया था। एएनआई से बात करते हुए अस्पताल के डॉक्टर सुरेंद्र पाल ने कहा कि जब तुनिषा की जांच की गई तो उसकी मौत हो चुकी थी। पाल ने कहा, उसका शव सहयोगियों द्वारा लाया गया था। उसे शाम 4.20 बजे मृत घोषित कर दिया गया। रात करीब 9 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। ईसीजी से मौत की पुष्टि हुई। उन्होंने यह भी कहा, षार्दन पर गहरे गला घोंटने के निशान के अलावा, उसके शरीर पर कोई और निशान नहीं मिला।ष इससे पहले दिन में प्रशंसकों परिवार और टेलीविजन और फिल्म उद्योग के सदस्यों ने मुंबई के मीरा रोड श्मशान घाट में 20 वर्षीय तुनिशा को भावभीनी विदाई दी। तुनिशा के अंतिम संस्कार में विशाल जेठवा, अशनूर कौर, अवनीत कौर और शिविन नारंग सहित अन्य हस्तियां शामिल हुईं। तुनिषा शनिवार को अपने चल रहे टीवी शो अलीबाबा – दास्तान–ए–काबुल के सेट पर मृत पाई गईं। एक दिन बाद उसके पूर्व प्रेमी और शो के सह–कलाकार शीजान खान को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। खबरों की मानें तो 15 दिन पहले खान और तुनिशा का ब्रेकअप हो गया था।

## आप पार्षद सुनिश्चित करेंगे कि लैंडफिल स्थलों से कूड़ा हटेः मनीष सिसोदिया

नयी दिल्ली। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को कहा कि दिल्ली में




लैंडफिल स्थलों पर काम में तेजी लाने की जरूरत है और दिल्ली नगर निगम (एमडीसी) में आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षद शपथ लेने के बाद इस दिशा में गति सुनिश्चित करेंगे। सिसोदिया ने महापौर पद के लिए 'आप' उम्मीदवार शैली ओबरॉय और उपमहापौर पद के लिए पार्टी प्रत्याशी आले मोहम्मद इकबाल के साथ ओखला लैंडफिल स्थल का दौरा कर वहां किए जा रहे काम की प्रगति का मुआयना किया। सिसोदिया ने कहा, " शपथ लेने से पहले ही 'आप' के पार्षदों ने काम शुरू कर दिया है। हमने ओखला लैंडफिल स्थल का दौरा किया और यहां अब तक की प्रगति का निरीक्षण किया।






## अदालत ने कोचर दंपति, धूत की सीबीआई हिरासत 29 दिसंबर तक बढ़ाई

मुंबई। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने ऋण धोखाधड़ी मामले में आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर और वीडियोकॉन समूह के संस्थापक वेणुगोपाल धूत की सीबीआई हिरासत 29 दिसंबर तक बढ़ा दी है। जांच एजेंसी ने कुछ देर पूछताछ के बाद गत शुक्रवार को कोचर दंपति को गिरफ्तार किया था। धूत को सोमवार को गिरफ्तार किया गया था। इन तीनों को बुधवार को विशेष न्यायाधीश एस. एम. मेनजोगे की अदालत में पेश किया गया। बुधवार को उनकी मौजूदा हिरासत की अवधि समाप्त हो रही थी। सीबीआई की ओर से पेश हुए विशेष लोक अभियोजक ए. लिमोसिन ने मामले की जांच के सिलसिले में



इनकी हिरासत दो दिन ओर बढ़ाने का अनुरोध किया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोचर दंपति और धूत की हिरासत 29 दिसंबर तक बढ़ा दी। सीबीआई ने कोचर दंपति और धूत के अलावा दीपक कोचर द्वारा संचालित नूपावर रिन्यूएबल्स (एनआरएल), सुप्रीम एनर्जी, वीडियोकॉन इंटरनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड तथा वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड को भारतीय दंड संहिता की धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2019 के तहत दर्ज प्राथमिकी में आरोपी बनाया है। एजेंसी का आरोप है कि आईसीआईसीआई बैंक ने वेणुगोपाल धूत द्वारा प्रवर्तित वीडियोकॉन समूह की कंपनियों को बैंकिंग विनियमन अधिनियम, आरबीआई के दिशानिर्देशों और बैंक की ऋण नीति का उल्लंघन करते हुए 3,250 करोड़ रुपये की ऋण सुविधाएं मंजूर की थीं। प्राथमिकी के अनुसार, इस मंजूरी के एवज में धूत ने सुप्रीम एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (एसईपीएल) के माध्यम से नूपावर रिन्यूएबल्स में 64 करोड़ रुपये का निवेश किया और 2010 से 2012 के बीच हेरफेर करके पिनेकल एनर्जी ट्रस्ट को एसईपीएल स्थानांतरित की। पिनेकल एनर्जी ट्रस्ट तथा एनआरएल का प्रबंधन दीपक कोचर के ही पास था।

# मेडिकल कालेज सहित चार सी.एच.सी. में सम्पन्न हुआ पूर्वाभ्यास

## सुरक्षात्मक प्रोटोकाल का पालन करने की डीएम ने आमजन से की अपील

बहराइच। कोविड–19 संक्रमण के खतरे को दृष्टिगत रखते हुए कोरोना संक्रमण के नियंत्रण, रोकथाम, बचाव व उपचार के लिए जिले में की गई तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से प्रदेश व्यापी पूर्वाभ्यास कार्यक्रम के तहत महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के महर्षि बालार्क चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैसरगंज, मोतीपुर, चर्दा (नवाबगंज) व पयागपुर में मॉक ड्रिल कर आपदा से बचाव से पूर्व व्यवस्थाओं एवं तैयारियों को परखा गया। महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय में आयोजित हुए मॉक ड्रिल का जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने स्वयं जायजा लिया। मॉक ड्रिल के अवसर पर चिकित्सालय पहुँचे डीएम डॉ. चन्द्र ने आक्सीजन प्लान्ट, कोविड आइसोलेशन वार्ड, होम्योपैथी चिकित्सालय, औषधि भण्डार कक्ष व साफ–सफाई व्यवस्था इत्यादि का जायजा लिया। आक्सीजन प्लान्ट के निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्लान्ट की क्रियाशीलता को परखते हुए प्लान्ट से आक्सीजन सप्लाई की जांच हेतु अपने समक्ष सिलेण्डर की रिफलिंग भी कराई। आईसोलेशन वार्ड के निरीक्षण के दौरान डीएम ने वेन्टीलेटर सहित अन्य जीवन रक्षक उपकरणों को चालू कराकर उनकी क्रियाशीलता को परखा। इस दौरान वेन्टीलेटर में कुछ समस्या पाए जाने पर डीएम ने निर्देश दिया कि वेन्टीलेटर सहित सभी जीवन रक्षक उपकरणों को चालू दशा में रखा जाए ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटा जा सके। डीएम डॉ. चन्द्र ने होम्योपैथी चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। यहॉ पर मौजूद चिकित्सक डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि एक चिकित्सक डॉ. प्रेम प्रकाश वर्मा अवकाश पर है। यहॉ पर डीएम द्वारा दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी करने पर बताया गया दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने वरिष्ठ पत्रकार मुकेश पाण्डेय के साथ लाइकोपोडियम की खुराक भी ली। डीएम ने औषधि भण्डार कक्ष का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जीवन रक्षक दवाएं पर्याप्त मात्रा में पायी गईं। डीएम डॉ. चन्द्र ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ओ.पी. चौधरी को निर्देश दिया कि चिकित्सालयों को एलर्ट मोड़ पर रखें तथा आवश्यकतानुसार दवाओं एवं जीवन रक्षक उपकरणों को भी क्रियाशील रखा जाय। डीएम डॉ. चन्द्र ने जनपदवासियों से अपील की है कि कोराना संक्रमण के खतरे को देखते हुए सुरक्षात्मक प्रोटोकाल का कड़ाई के साथ पालन करें। हाथों की स्वच्छता के साथ–साथ सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें तथा मास्क पहन कर ही घर के बाहर निकलें। उल्लेखनीय है कि महर्षि बालार्क चिकित्सालय के अलावा एल–1 फैसिलिटी से आच्छादित सी.एच.सी. कैसरगंज, मोतीपुर, चर्दा (नवाबगंज) व पयागपुर में भी मॉक ड्रिल आयोजित कर व्यवस्थाओं को परखा गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एस.के. सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. ओ.पी. चौधरी, चिकित्सालय प्रबन्धक रिजवान अली, पूर्व सीएमएस डॉ एम.एम. एम. पाण्डेय सहित अन्य सम्बंधी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंक समिति की बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिला स्तरीय



बैंक समिति की बैठक जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में बैंकों द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, 50 बड़े बकायेदारों से वसूली तथा स्वरोजगार योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन,प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना आदि की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर्स से स्वरोजगार योजनाओं में ऋण देने में कोताही ना बरतें। फसल बीमा योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को आच्छादित करें। इस अवसर पर नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक बृजराज साहनी ने बताया कि देश में खेती से जुड़ी ढांचागत सुविधाएं जैसे कोल्ड स्टोरेज, प्रोसेसिंग यूनिट, वेयरहाउस, पैकेजिंग यूनिट वगैरह के अभाव को दूर करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड की शुरुआत की गई है। इस फंड के तहत किसान को एक लाख करोड़ तक के ऋण की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना से लाभान्वित होने वाले किसानों को प्रति वर्ष 3 फीसदी ब्याज में छूट तथा दो करोड़ रुपए तक के कर्ज के लिए लोन गारंटी कवरेज भी मिलेगी। यह फंड कोल्ड स्टोरेज, वेयरहाउस, प्रोसेसिंग यूनिट, ई–प्लेटफार्म जैसी इकाइयों के निर्माण के लिए प्राप्त किया जा सकता है। इस योजना का मूल उद्देश्य किसानों के खेती से जुड़े ढांचे का विकास करना है। फसल के उत्पादन के बाद यदि बेहतर ढांचागत सुविधा हो तो किसानों को उपज का मूल भी ज्यादा मिलेगा और इससे अनाज की बर्बादी में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण बैंक प्राइवेट बैंक को दो करोड़ रुपए तक का लोन सैंक्शन करने का लक्ष्य दिया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा नाबार्ड द्वारा प्रतिवर्ष जनपद वार संभाव्यामुक्त ऋण (पी० एल० पी०) योजना बुक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर आदित्य रंजन, उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पांडे, उपायुक्त स्वतः रोजगारध्मनरेगा सूबेदार सिंह व अन्य संबंधितध्अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

**■ कृषि अवसंरचना कोष योजना के तहत किसानों को रुपए दो करोड़ तक का लोन मात्र 3 प्रतिशत पर उपलब्ध कराएगा नाबार्ड**

# जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान द्वारा कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

बहराइच।जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान द्वारा शहर के सी. के. गार्डन में सिख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह , बाबा फतेह सिंह की शहादत के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक सांध्य कालीन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।इस कवि सम्मेलन में इटावा से गौरव चौहान, ओरैया से अजय अंजान, लखनउ से लोकेश त्रिपाठी, लखीमपुर से ज्ञान प्रकाश आकुल, जनपद के योगेन्द्र योगी ने चारों साहिब जादों पर केन्द्रित अपनी कविताएं पढ़ी।कवि लोकेश त्रिपाठी ने पढ़ा जाने कितनी जान गईं कितनी कुर्बान जवानी हुई,बलिदानों की लेकिन अब तक पूरी नहीं कहानी हुई,जिस दिन ये गौरव गाथाएं हर कोई दोहराएगा,भारत माँ के जयकारों से हर घर मन्दिर बन जायेगा।अजय अंजाम ने पढ़ा मुगल सल्तनत को कच्चे कागज सा फाड़ दिया होता,औरंगजेबी अहंकार का गर्दा झाड़ दिया होता,उस दिन अगर नदी सिरसा का कहीं बिछोवा न होता

गुरु गोविंद ने लाल किले पर झंडा गाड़ दिया होता।इटावा से आये राष्ट्र कवि गौरव चौहान ने पढ़ा नमन उन्हे जो दीप बन गए भारत की आशाओं का।जो अतीत को गीत दे गए बलिदानी गाथाओं का।योगेंद्र योगी ने पढ़ा जो गुमनाम हुए जग जिनका नही जानता नाम।सौ सौ बार प्रणाम उन्हे है सौ सौ बार प्रणाम।कवि सम्मेलन में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी और सदस्यों के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम करन टेकड़ीवाल,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि करन वीर सिंह, महसी विधायक सुरेश्वर सिंह, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री डॉ. ज्योति सिंह, जिला उपाध्यक्ष संतोष पांडेय, जिला उपाध्यक्ष अभिलाषा वर्मा, जिला मंत्री प्रियंका सिंह, जंगली नाथ महादेव सिद्ध पीठ के महंत अनिल शास्त्री, प्रशांत मिश्रा कुशल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवेंद्र मिश्र, आर एस एस परिवार के अवध प्रांत के समरसता प्रमुख राज किशोर,समरसता जिला संयोजक रजनीश शुक्ला, ए बी वी पी के जिला प्रमुख, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम हर्ष यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सफर–ऐ–शहादत में शबद कीर्तन सुन संगत हुई भावुक

बहराइच। सरबंसदानी श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के चार साहिबजादों व माता गुजरी की शहादत को याद करते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सफर–ऐ– शहादत के नाम से यह सप्ताह मनाया जा रहा है। गुरुद्वारा अध्यक्ष मंदीप सिंह वालिया ने बताया कि मुगल सल्तनत के जुल्म और अन्याय के खिलाफ देश और कौम की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की। गुरु गोविंद सिंह के दो साहबजादे अजीत सिंह और जुझार सिंह चमकौर के युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए और दो साहबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह माता गुजरी के साथ कह कर लिया गया था दोनों साहबजादों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया और माता गुजरी ने भी अपने प्राण त्याग दिए।इस तरह श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज ने अपना सरबंश देश और कौम की रक्षा के लिए न्योछावर कर दिया।लखीमपुर से आए रागी जत्था दिलबाग सिंह के न उडीकी दादीये,असी मुड़ नही औना कीर्तन और कथा से संगत की आंखें भर आई और हेडग्रंथि ज्ञानी विक्रम सिंह ने सरबत के भले की अरदास की।इस अवसर पर संरक्षक मंजीत सिंह शम्पी, महामंत्री भूपेंद्र सिंह वालिया, उपाध्यक्ष परमजीत सिंह, जगजीत सिंह, जगनंदन सिंह, देवेंद्र सिंह बेदी, मीडिया प्रभारी परविंदर सिंह सम्मी, दशमिन्दर पाल सिंह,अर्शदीप,राजेंद्र कौर, बलजीत कौर,गुरबख्श कौर, इकबाल सिंह, गुरबख्श कौर ,गुरजीत कौर,हरजीत कौर शामिल हुए।

# धूमधाम से मनाया गया भाकपा का स्थापना दिवस

अयोध्या ।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का स्थापना दिवस जनपद की ब्रांच कमेटियों में धूमधाम से मनाया गया। बेरूगंज, हैदर गंज, अयोध्या, भदौली,पिठिया और नुआएं ब्रांच कमेटियों में आयोजित कार्यक्रम में जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, पूर्व जिला सचिव राम तीर्थ पाठक, सहायक जिला सचिव शैलेन्द्र प्रताप सिंह व पार्टी के मंत्रिपरिषद सदस्य रामजी राम यादव मौजूद रहे। इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने कम्युनिस्ट पार्टी के गठन और उसके गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पार्टी संविधान में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पार्टी देश के मजदूरों का हिरावल दस्तक होगी। पार्टी गठन के पूर्व और बाद से लगातार देश के मेहनतकशों के लिए संघर्षरत है तथा वर्ग चेतना जागृत करने के लिए प्रयासरत है। नेताओं ने कहा कि वर्तमान समय में सबसे ज्यादा उपेक्षित मजदूर किसान ही है। मजदूरों के अधिकार सीमित कर दिए गए हैं। उनके बच्चों के लिए रोजगार के अवसर समाप्त किए जा रहे हैं। शिक्षा इतनी महंगी हो गई है कि गरीबों के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल पाना असम्भव हो गया है। स्वास्थ्य सुविधाएं भी पूरी तरह बदहाल हैं, गम्भीर बीमारियों में आम लोगों को अपना घर बार बेंचना पड़ रहा है। इन सब समस्याओं के लिए सबको एकजुट होकर संघर्षों का रास्ता अपनाना होगा और अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। इस अवसर पर पार्टी के पुराने साथियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रमों में मुख्य रूप से राम प्रकाश तिवारी, अवधराम यादव, डाक्टर जगन्नाथ, देवीदीन कनौजिया, अयोध्या प्रसाद तिवारी, आदि शामिल रहे।

# आईटीएमएस प्रणाली के कन्ट्रोल रूम का कमिश्नर ने किया निरीक्षण

## –जल प्रयोगशाला व जलकल परिसर नगर निगम का भी लिया जायजा

अयोध्या ।मण्डलायुक्त गौरव दयाल द्वारा अयोध्या के अमानीगंज स्थित जल विश्लेषण प्रयोगशाला एवं मास्टर नियंत्रण प्रणाली केन्द्र में स्थापित शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक नियंत्रण हेतु आई0टी0एम0एस0 प्रणाली के कन्ट्रोल रूम एवं जल प्रयोगशाला तथा जलकल परिसर नगर निगम का निरीक्षण किया। आई0टी0एम0एस0 कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा आई0टी0एम0एस0 के कार्यप्रणाली के बारे में बताया कि इसके तहत शहर के 20 चौराहों पर तीन खास तरह के कैमरे लगाये गये है जिसमें रेड लाइट वायलेशन डिटेक्शन कैमरा, ए0एन0पी0आर0 कैमरा तथा सर्विलांस कैमरा है। सर्विलांस कैमरे खासतौर पर पुलिस की मदद के लिए लगाया गया है जिसके तहत ये कैमरा बेहद नजदीक से इंसान के चेहरे को फोकस करता है जिस पर मण्डलायुक्त ने कहा कि यह बहुत उपयोगी है इसमें लाइव के शिवा स्टोरेज व्यवस्था नही है, इसकी स्टोरेज व्यवस्था भी आवश्यक है, जिस हेतु शासन को पत्र भेजकर इसकी स्टोरेज व्यवस्था भी करवाने के निर्देश दिये।

सम्बंधित प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि अभी तक शहर के 20 चौराहों पर ये सभी प्रकार के कैमरे स्थापित है तथा शहर के 14 चौराहों पर लाउड स्पीकर की भी सुविधा उपलब्ध है, जिसके तहत शहरवासियों को ट्रैफिक नियम का पालन करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। जिस पर उन्होंने कहा कि लाउड स्पीकर की व्यवस्था शहर के अन्य सभी प्रमुख चौराहों पर भी की जाय तथा लोगों को स्पीकर के माध्यम से जागरूक किया जाय। उन्होंने कहा कि शहर के चार प्रमुख स्थलों यथा– गुप्तारघाट, नयाघाट, अयोध्या रेलवे स्टेशन, हनुमानगढ़ी पर आम जनमानस की सुविधा हेतु हाई स्पीड वाइफाई भी उपलब्ध है। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि शहर में अडॉप्टिव ट्रैफिक कन्ट्रोल सिस्टम के साफ्टवेयर का भी उपयोग किया जाय। जिसके अन्तर्गत ट्रैफिक लाइट पर वाहनों की संख्या ज्यादा होने पर ग्रीन लाइट का वक्त खुद से बढ़ जायेगा। अगर इसके उपयोग के बाद साफ्टवेयर में कोई समस्या आती है तो उसे तत्काल ठीक किया जाय। इसके उपरांत मण्डलायुक्त ने जल प्रयोगशाला तथा जलकल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

# रालोद कार्यकर्ताओं ने मनाया जयंत चौधरी का जन्मदिन

अयोध्या ।राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चौधरी जयंत सिंह का 44 वां जन्मदिन पर पार्टी कार्यालय आनंद नगर गौहनिया चौराहा पर राष्ट्रीय लोकदल अवध क्षेत्र अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर धूमधाम से मनाया और सभी ने चौधरी जयंत सिंह को बधाई देते हुए दीर्घायु होने की कामना किया जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष बलराम यादव, निवर्तमान युवा जिलाध्यक्ष रामशंकर वर्मा, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष नेतराम अवधेश रावत, देवी सरन वर्मा, पूर्व प्रधान गौहनिया काली दीन रावत, रामजियावन वर्मा,करिया राम बर्मा, विश्वनाथ पटेल , श्याम कृष्ण पटेल, राम सुरत गुप्ता, शुभम पटेल, बृजनाथ वर्मा, रामकेवल यादव, राम तीरथ शर्मा मौजूद रहे।

# एक ही परिवार के तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत





**■ 2 बच्चो समेत तीन की मौत**
**■ एक की हालत गंभीर, स्थानीय चिकित्सालय में इलाज जारी**

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है यहां एक ही परिवार के चार लोगों ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की है। इसमें परिवार के ही दो बच्चों समेत तीन की मौत हो गई है। जबकि एक का इलाज स्थानीय चिकित्सालय में जारी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर कार्यवाही शुरु कर दी है। मामला कोतवाली उतरौला के ग्राम लालगंज से जुड़ा हुआ है यहां मध्य प्रदेश के बड़ोंखरी पोस्ट मोहना जिला भिंड मध्य प्रदेश का रहने वाला मनटोले अपने दो बच्चों और पत्नी के साथ उतरौला क्षेत्र में रहता था और पानी पूरी बेचने का काम करता था। आज पुलिस को सूचना मिली कि उसके घर का दरवाजा सुबह से ही नहीं खुला है। जिसके बाद डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा खोलने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इस दौरान पुलिस ने आलाअधिकारियों को सूचना देकर घर में ही लगे लोहे के दरवाजे को किसी तरह काटकर घर में दाखिल हुए। पुलिस के मुताबिक घर में बिस्तर पर 4 लोग पड़े हुए थे जिनमें जांच के दौरान पता चला कि दो बच्चों लक्ष्मी (11) और कान्हा (08) व महिला रेखा (38) की मौत हो चुकी है जबकि मनटोले बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है। पुलिस ने फौरन मनटोले को स्थानीय चिकित्सालय में इलाज के लिए भेज दिया है। घटना की संवेदनशीलता देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश सक्सेना ने मौके पर पहुंच गए और उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया प्रथम दृष्टया परिवार के सभी सदस्यों द्वारा जहर खाकर जान देने की कोशिश करने का मामला सामने आ रहा है। लेकिन कोई भी अधिकारी अभी इस मामले पर बोलने को तैयार नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है कि तीन लोगों की मौत कैसे हुई है। फिलहाल पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# फाउंडेशन ने गरीबों को वितरित किया कम्बल

अयोध्या ।मां शांति सेवा फाउंडेशन बेनीगंज कार्यालय पर क्रिसमस डे एवं तुलसी जयंती के अवसर पर बढते ठंड के प्रकोप को देखते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जरूरतमंद असहाय लोगों को कम्बल का वितरण नरेश अग्रवाल, समाजसेवी के नेतृत्व में संस्था संरक्षक बसंत राम एवं अध्यक्ष नेहा कुमारी ने किया। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को टाफियो का वितरण भी किया गया। नरेश अग्रवाल ने बताया कि ठंड का दिन है ऐसे में उत्सव भी पुनीत कार्य करके खुशियां मनाना चाहिए, बसंत राम ने बताया कि फाउंडेशन प्रत्येक वर्ष कम्बल वितरण कार्य करता है ठंड प्रारंभ हो गया है और क्रिसमस डे का उत्सव भी है ऐसे में खुशियां बांटना चाहिए, आज कम्बल वितरण कार्य आदरणीय नरेश अग्रवाल, समाजसेवी किशन सावंत, निदेशक, उषा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी एवं संस्था सदस्यों के सहयोग से शुभारंभ किया गया है ।आगे भी समय–समय पर शहर के प्रत्येक क्षेत्र में भ्रमण कर कम्बल वितरण कार्य किया जाएगा। अध्यक्ष नेहा कुमारी ने बताया कि अपनी खुशियों में से छोटी–छोटी खुशी निर्धन असहाय लोगो में बांटना चाहिए। वितरण कार्य में, विवेकानंद पांडेय, सुबोध श्रीवास्तव सोनी पांडेय, विनय प्रकाश मौर्य, देवेंद्र श्रीवास्तव, मो अशरफ, गौरव गौड,अमित कुमार, सूरज चौधरी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# निकाले गए आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने उठाई नियोजित किए जाने की मांग

अयोध्या ।भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले यादव पंचायती मंदिर, टेढ़ीबाजार में रविवार को आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की एक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें निकाले गए आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने एक स्वर में नियोजित किए जाने की मांग उठाई। अगर उनकी मांग जल्द से जल्द नही मानी गई। तो वह आर–पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर होंगे। बैठक की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या नगर निगम में जलकल विभाग के 27 वरिष्ठ कर्मचारियों को बिना किसी सूचना के आउट सोर्सिंग से हटा दिया गया है। यह कर्मचारी जून 2022 से हटाए गए हैं। तब से यह सारे कर्मचारी अपनी आजीविका के लिए प्रयासरत हैं। इनको रोजी–रोटी के लाले पड़ गए हैं। इन पर व इनके परिवार पर गंभीर संकट मडरा रहा है। लेकिन इनकी सुनने वाला कोई नही है। यह जिले के सभी अधिकारियों से मिल चुके हैं और लोगों से सम्पर्क भी कर रहे हैं। फिर भी अब तक इन्हें कोई ठोस आश्वासन नही मिला है। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा यह दुर्भाग्य का विषय है कि जो आउट सोर्सिंग कर्मचारी जलकल विभाग में 10–12 वर्षों से कार्य कर रहे थे। जो अपनी नौकरी की आयु सीमा समाप्त कर चुके हैं। उन लोगों को भी हटा दिया गया है, जिनका जीवन व परिवार संकट में है। हमारी अयोध्या नगर निगम के नगर आयुक्त से मांग है कि निकाले गए आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को जल्द से जल्द नियोजित किया जाए। बैठक में राजीव कुमार सैनी, सौरभ मिश्र, अनिल कुमार त्रिपाठी, चंदेश्वर यादव, संजय यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने की लंगर सेवा

बहराइच। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सफर–ऐ–शहादत के मौके पर बुधवार श्री गुरु सिंह सभा पहुंचे जहां उन्होंने श्री गुरुग्रंथ साहब जी को माथा टेका और श्रद्धालुओं के बीच लंगर सेवा की। उनके साथ जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडेय, बेसिक शिक्षा अधिकारी ए आर तिवारी, गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार ने भी माथा टेका।

# सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के चेहरे खिले,तो पिछड़ी हुए उदास

राजेश शर्मा/
दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश में नगर निगम चुनाव को लेकर कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले से जहां सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है तो वही उनके चेहरे पर भी चमक है लेकिन आरक्षण खत्म होने से ओबीसी वर्ग के उम्मीदवार मायूस नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि जनपद के 11 नगर निकायों में लगभग सभी सीटों पर ओबीसी उम्मीदवार मजबूती से अपने आपको अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी ठोक रहे थे लेकिन कोर्ट द्वारा ओबीसी आरक्षण खत्म किए जाने से उनके चेहरे उदास हो गए हैं और उनके समर्थक भी अब थक कर बैठ गए हैं। लेकिन वर्षों से अपनी बारी का इंतजार कर रहे सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को कोर्ट ने मानो जान डाल दिया हो सभी सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के चेहरे पर चमक एंव खुशी देखी जा रही है। सभी 11 नगर निकायों में सामान्य वर्ग के उम्मीदवार अपने आप को मजबूती से अध्यक्ष पद के दावेदार के रूप में प्रस्तुत करने के लिए कमर कस रहे हैं यही हालत लगभग नगर पालिका के वार्डओ के सभासद प्रत्याशियों की भी है। जहां भी सामान्य वर्ग को मौका नहीं मिला था अब उन्हें मौका मिला है। तो उसे हाथ से जाने देना नहीं चाहते हैं वैसे देखा जाए तो लगभग सभी वर्गों में आरक्षण को खत्म करने की चाह नजर आ रही है। यही कारण है कि किसी भी उम्मीदवार द्वारा कोर्ट के ऊपर किसी प्रकार की टिप्पणी नहीं की गई है हर कोई चाहता है। कि चुनाव मैदान खुला होना चाहिए जो भी चुनाव लड़ना चाहे स्वतंत्रता और मौलिक अधिकार के रूप में चुनाव लड़ सकता है। जिसे भी जनता पसंद करेगी वह उनका नेतृत्व करेगा होना भी यही चाहिए आखिर कब तक सरकारे पिछड़ी, अनुसूचित, अन ुजनजाति एवं सामान्य वर्ग को लेकर आरक्षण का खेल खेलेंगे इसे एक ना एक दिन बंद होना ही है। अब कोर्ट ने पहल किया है तो इसकी सराहना लगभग सभी बुद्धिजीवी वर्ग कर रहे हैं। फिर भी योगी सरकार जैसा कि अपने बयानों में गंभीर नजर आ रही है कि ओबीसी आरक्षण को लेकर वह मामले को आगे ले जाएगी और बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव नहीं करवाएगी यदि ऐसा सरकार करती है। तो सामान्य वर्ग के आक्रोश का सामना उन्हें आने वाले लोकसभा चुनाव में करना पड़ सकता है सूत्रों की माने तो सरकार सामान्य वर्ग को नाराज भी नहीं करना चाहती है और कोर्ट के फैसले पर ही चुनाव करवा सकती है यदि चुनाव कोर्ट के फैसले पर नहीं होता है तो भाजपा के लिए दिल्ली दूर तो ना सही लेकिन चलना तो पड़ेगा ही अब देखना है। कि जनपद के सामान्य वर्ग के उम्मीदवार कहां तक अपनी दावेदारी ठोक सकते हैं और कितने लोग अपने–अपने पार्टी से टिकट ले सकते हैं सबसे ज्यादा खुशी सदर सीट पर है। जहां सूत्रों की मानें तो भाजपा के बड़े नेता की पत्नी जो कि ओबीसी वर्ग से आते हैं को भाजपा का टिकट मिलने की उम्मीद लगभग तय थी लेकिन कोर्ट के फैसले ने शायद उन्हें भी निराश किया होगा, अब सामान्य के उम्मीदवार लड़ेंगे इस कारण से जो भी प्रत्याशी सामान्य वर्ग के मैदान में है वह टिकट के लिए पूरी जी जान लगा रहे हैं।

माना जा रहा है कि जो प्रत्याशी भाजपा के टिकट से चुनाव लड़ेगा वही मैदान में सफल हो सकता है अब देखना है कौन भाजपा को अपनी तरफ आकर्षित करके टिकट लेने में कामयाब हो सकते हैं।

## ब्रुसेलोसिस एक जीवाणु जनित रोग है: डॉ बलराम चौरसिया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। ब्रुसेलोसिस पशुओं को होने वाली संक्रामक



गर्भपात की बीमारी है। पीडित पशु के संपर्क में आने एवं बीमारी से ग्रसित पशु से प्राप्त दूधध्मांस को ठीक से पकाए बगैर सेवन करने से ब्रुसेलोसिस मनुष्य को भी हो सकती है। इस बात की जानकारी पशुचिकित्साधिकारी जोगिया डॉ बलराम चौरसिया ने जोगिया, लखनापार, हरैंया मे ब्रुसेलोसिस निरोधक टीकाकरण शिविर में दी। बताया कि ब्रुसेलोसिस एक जीवाणु जनित रोग है। यह बीमारी गाय, भैस, भेंड़, बकरी, सुअर, कुत्ता आदि को होती है। इस रोग से ग्रसित गाय या भैंस को गर्भकाल के अन्तिम माह में गर्भपात हो जाता है। बीमारी से बचाव के लिए कच्चा या अधपका दूध ,दुग्ध उत्पाद या मांस का सेवन करने से बचें। चार से आठ माह उम्र की मादा बच्चो (बाछीध्पांडी) को टीकाकरण कराया जाना चाहिए। शिविर में ब्रुसेलोसिस निरोधक टीकाकरण एवं 52 को पशु स्वास्थ्य संबंधित औषधि निःशुल्क वितरित किया गया। इस अवसर पर नर नरायन कर पाठक, लालविहारी, रामहरीश, सहदेव, अगनू, सावित्री, व रीमा सहित तमाम पशुपालक मौजूद रहे।

## पशु आरोग्य मेला शिविर का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। पशुओं के संरक्षण तथा उनके रख–रखाव को





लेकर अपने विधानसभा क्षेत्र में जागरूकता फैलाने तथा पशु मित्रों को कार्यक्रम के माध्यम से प्रेरित करने हेतु पं. दीनदयाल उपाध्यक्ष पशु आरोग्य मेला शिविर का आयोजन हमारे विधानसभा अंतर्गत ग्राम चोडार में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मैं शामिल हुआ। और फीता काटकर इस शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। उसके बाद गौ माता की पूजन किया। इस दौरान हमारे क्षेत्र के पशुओं के संरक्षण तथा उनके स्वास्थ्य हेतु देखभाल को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गई। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी, प्रधान प्रतिनिधि, पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सक समेत कई अनुभवी पशु मित्रों की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। इस महत्वपूर्ण शिविर के आयोजन हेतु हम अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हैं। इस अवसर पर रामदास मौर्या रामदास चौधरी डॉ जे एल चौधरी डॉ अक्षय लाल उदय प्रताप सिंह सन्नी चौधरी सतेंद्र कुमार मुख्तार चौधरी दीपेंद्र चौधरी एवं अन्य कई सम्मानित लोगों की उपस्थिति रही।

# चहक उत्सव कार्यक्रम का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्राथमिक विद्यालय करौंदा मसिना में चहक उत्सव कार्यक्रम का जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। चहक उत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापको द्वारा जिलाधिकारी संजीव रंजन को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। स्कूल के छात्रध्छात्राओ द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि बच्चों की शिक्षा पर सिर्फ शिक्षक की ही जिम्मेदारी नहीं बल्कि अभिभावकों की भी जिम्मेदारी बनती है। समय अनमोल है शिक्षा पर ही ध्यान देने की जरूरत है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया की कोई व्यक्ति अपने गांव का किसी बड़े पद पर पहुंचता है तो उसके गांव का नाम रोशन होता है इस भावना को लेकर बच्चों की शिक्षा पर जोर देना जरूरी है। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षक अभिभावक उपस्थित रहे छोटे बच्चों को पढ़ाने के लिए खेल का माध्यम बहुत अच्छा रहता है जिलाधिकारी को बच्चों की प्रतिभा देखकर इसे और भी उच्च स्तर पर ले जाने की बात सभी अध्यापकों को बताई। सभी अध्यापको को समय पर स्कूल पहुंचकर बच्चों के प्रति पढ़ाई में रुचि की भावना जगाएं कम से कम हर महीने अभिभावकों को बुलाकर उन्हें बच्चों को घर पर भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने बताया कि चहक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को विद्यालय के प्रति सहज बनाना है बच्चों के बीच अपनापन विकसित करने के साथ–साथ



शिक्षकों को खेल के माध्यम से बच्चों को पढाध्ना है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि चहक कार्यक्रम का संबंध खासतौर से प्रारंभिक विद्यालय से है क्योंकि बच्चों के पठन–पाठन को प्रभावित करने वाला प्रशिक्षण है बच्चों के अंदर वैसे प्रतिभा का विकास किया जाता है कि वह चिड़ियों की तरह चहचहाता रहे। विद्यालय में प्रधानाध्यापक आलोक कुमार मिश्र सहायक अध्यापक अंजली गुप्ता, वंदना, प्रदीप पांडे, पतंजलि मिस्त्री, शिक्षामित्र रामबली मौर्य ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप सिंह, ग्राम प्रधान करौंदा मसिना प्रभु दयाल यादव, रोजगार सेवक शीला गुप्ता व समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## सारस्वत सम्मान से विभूषित हुये आनन्द कुमार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। साहित्यकार आनन्द कुमार सुमन एवं कवि



शिक्षक हरिश्चंद्र बहराइच में सारस्वत सम्मान से विभूषित अवध वाटिका साहित्य मंच बहराइच एवं दि चक्रवर्ती थियेटर मुम्बई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक सम्मान समारोह में सिद्धार्थनगर के प्रतिष्ठित साहित्यकार आनंद कुमार सुमन एवं कवि शिक्षक हरिश्चंद्र को पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्रीध वर्तमान सदर विधायक बहराइच अनुपमा जायसवाल एवं आवध ा वाटिका साहित्य मंच के अध्यक्ष पी. के. प्रचण्ड जी द्वारा अंग वस्त्र और सारस्वत सम्मान देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि सुमन लगातार साहित्य सृजन में रत है तथा वर्तमान में जन लेखक संघ रजि. के राष्ट्रीय उप महा सचिवध्उ.प्र.राज्य प्रभारी है। और कवि शिक्षक हरिश्चंद्र भी कवि के रूप में जाने और पहचाने जाते हैं तथा वर्तमान में सिद्धार्थ नगर के इटवा ब्लाक में बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत है। और जन लेखक संघ रजि. जिला इकाई सिद्धार्थनगर के महा मंत्री है।

## घर वालों पर टूटा दु:ख का पहाड़

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सदर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत धौरीकुइयाँ टोला कुढ़वा निवासी बलिराम पुत्र स्व राम समुझ उम्र लगभग 45 वर्ष की रहस्यमय परिस्थिति में मौत हो गयी। गया था कमाने,घर पर मौत की सूचना आयी। जिससे घर वालों पर दु:ख का पहाड़ टूट पड़ा। परिवारीजनों का रो रो का बुरा हाल हो रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत धौरीकुइयाँ टोला कुढ़वा निवासी बलिराम रोजी रोटी के लिए आसाम तीन दिन पहले ट्रेन से जा रहा था। ट्रेन पश्चिम बंगाल से होकर जा रही थी कि उक्त व्यक्ति अज्ञात कारण वश ट्रेन से नीचे गिर गया। उसके साथ में यात्रा करने वाले व्यक्तियों ने देखा कि एक व्यक्ति ट्रेन से नीचे गिर गया है। अगले स्टेशन पर उसकी सूचना लोगों ने दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर अन्यंत्र परीक्षण के लिए भेज दिया। उक्त सूचना पाते ही घर में कोहराम मच गया। घरवालों सहित लोगों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है। अप्रत्याशित घटना से पूरे क्षेत्र में गम का माहौल है।

# अटल भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष के अगुवाई में अटल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के मेधावी छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ किसान मोर्चा अविनाश शुक्ला रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष विकास पाण्डेय वत्स ने किया। इस अटल भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सत्यनारायण कसौधन, द्वितीय पुरस्कार आकाश यादव एवं तृतीय पुरस्कार मो. सुफियान ने प्राप्त किया। चंचल गिरी, मीरा यादव, रूपा चौधरी मनीष जायसवाल भाजपा नेत्री राजकुमारी पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष बर्डपुर नितेश पाण्डेय एवं जिला महामंत्री एवं कविता विश्वकर्मा ने भी सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमारी पाण्डेय ने संबोधित करते हुए कहा कि इस भाषण प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभागियों में वाक कौशल एवं शब्द भंडार का विकास करना है। विशिष्ट अतिथि नितेश पाण्डेय ने संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न मंचों पर बारंबार बोलने का अवसर प्राप्त होते रहने पर प्रतिभागियों के अंदर से भय समाप्त होता है जो कि एक सकारात्मक व्यक्तित्व का निर्माण करता है। विशिष्ट अतिथि अविनाश शुक्ला ने संबोधित करते हुए कहा कि, भाषण कौशल एक विशिष्ट प्रकार का कौशल है जो व्यक्ति के अंदर आत्मविश्वास एवं ज्ञान का विकास करता है, एवं उच्च स्तर पर उन्हें शब्द उच्चारण का अभ्यास होता रहता है। अध्यक्षता कर रहे विकास पाण्डेय श्वत्सश् ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया एवं प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, जिला महामंत्री प्रिंस गुप्ता, नौगढ़ नगर अध्यक्ष जतिन चौबे, नगर महामंत्री रामस्वरूप अग्रहरी, अभिषेक पाण्डेय, संतोष उपाध्याय अन्य उपस्थित रहे।






## सौम्य प्रताप सिंह ने जीता स्वर्ण पदक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास,सिद्धार्थनगर। गंगा नेशनल पब्लिक स्कूल सिद्धार्थनगर



के छात्रावास में रहकर अध्ययन करने वाले छात्र सौम्य प्रताप सिंह पुत्र राजेश सिंह मोहल्ला पहलवारा जनपद बलरामपुर के निवासी हैं जिनका ननिहाल ग्राम उचहरिया पोस्ट सोहास जनपद सिद्धार्थ नगर आशुतोष सिंह श्रीनेत चंदन सिंह के यहां है। छात्र सौम्य प्रताप सिंह ने गुजरात की ताइक्वांडो अकादमी 37 वी ताइक्वांडो चौंपियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक विजेता घोषित हुए। इस उपलब्धि के लिए उक्त विद्यालय के प्रबन्धक व प्रधानाचार्य ने छात्र सौम्य प्रताप सिंह को बधाई दी है। तथा आशुतोष सिंह श्रीनेत, रजनीश सिंह व समस्त परिवार में खुशी की लहर है।

## डॉ0 आसिफ उमर को टीचर्स एक्सीलेंस अवॉर्ड मिलने पर शिक्षकों ने दी बधाई

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज अखिल भारतीय शिक्षक



वार्षिक सम्मेलन 2022 में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के डॉ आसिफ उमर को टीचर्स एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। शिक्षक कल्याण फाउंडेशन और जन सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ उमर को टीचर्स एक्सीलेंस अवॉर्ड मिलने पर स्थानीय शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है। डॉक्टर उमर पूर्व में मौलाना आजाद महाविद्यालय बायताल में हिंदी विभाग में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत थे। इस कॉलेज में छात्र छात्रों के मार्गदर्शन हेतु वह निरंतर कॉलेज में आते रहते हैं साथ मौलाना आजाद महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के मार्गदर्शन के लिए ऑनलाइन कार्यशाला भी आयोजित कर बच्चों का उत्साह बढ़ाते हैं। एक्सीलेंस अवॉर्ड कार्यक्रम में भारत सरकार में कानून राज्य मंत्री प्रोफेसर सत्य पाल सिंह बघेल ने डॉ उमर को सम्मानित करते हुए कहा कि जामिया और देश के अन्य प्रतिष्ठित संस्थान को महत्पूर्ण शिक्षकों के प्रयास से ही लगातार उपलब्धियां मिल रही हैं। एक्सीलेंस अवॉर्ड मिलने पर मौलाना आजाद महाविद्यालय बायताल के प्रबंधक मलिक इकबाल युसूफ, प्राचार्य डॉक्टर अखलाक हुसैन, डॉक्टर गुलाम रशीद रसीदी, फैजान अहमद, मोहम्मद सईद, प्रियंका यादव, काजी महमूद अहमद, मलिक नदीम अहमद, राजेश कुमार प्रधानाचार्य, मोहम्मद उमैर, वामिक हुसैन, उत्पल चौधरी आदि ने उन्हें बधाई दी है।

## उपजिलाधिकारी ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार



यादव ने पांच विद्यालयो का औचक निरीक्षण किए प्राथमिक विद्यालय उसका राजा, प्राथमिक विद्यालय सरदार पटेल नगर, कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय परसा खुर्द, कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय बकैनिहा, कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय मनखाही पहुंचकर जायजा लिया साथ में साफ सफाई को लेकर और ठंड को देखते हुए दिशा निर्देश भी दिए। उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय परसा खुर्द में जल निकासी को लेकर समस्याएं थी जो की तत्काल आदेशित कर दिया गया है की जलनिकासी की व्यवस्था बनाई जाय और प्राथमिक विद्यालय सरदार पटेल नगर में मिड डे मिल को लेकर निर्देशित किया गया है एवं सभी विद्यालयों में शिक्षक उपलब्ध पाए गए है साथ में खण्ड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार भी रहे मौजूद।

# सम्पादकीय

**अब तक अनुभव यह है कि ब्याज दरें बढ़ाने से महंगाई उस अनुपात में नहीं घटी है, जिसकी उम्मीद की गई थी। इसका एक कारण यह है कि इस बार की महंगाई असल में बाजार में नकदी की अधिकता की वजह से नहीं रही है। बल्कि सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित होने का भी यह परिणाम है। इसलिए ब्याज दरें घटाने का भी ज्यादा असर...**

## महंगाई का विमर्श




इस बार की महंगाई असल में बाजार में नकदी की अधिकता की वजह से नहीं रही है। बल्कि सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित होने का भी यह परिणाम है। इसलिए ब्याज दरें घटाने का भी ज्यादा असर नहीं हुआ है। उलटे इस नीति की वजह से मध्य वर्ग पर कर्ज चुकाने का बोझ बढ़ा है। मुद्रास्फीति दर में गिरावट से यह धारणा बनने या बनाई जाने लगती है कि अब महंगाई घटने लगी है। जबकि असल इसका मतलब सिर्फ यह होता है कि महंगाई बढने की दर में गिरावट आई है। यानी अगर ये दर बीते महीने की तुलना में आठ से घट कर सात प्रतिशत पर आ जाए, तो उसका अर्थ यह होगा कि जहां बीते महीने में चीजों के दाम आठ प्रतिशत बढ़े थे, वहीं संबंधित महीने में यह वृद्धि सात प्रतिशत की हुई। यानी महंगाई तो फिर बढ़ी। इसलिए हाल में भारत में आए आंकड़े किसी रूप में संतोष का कारण नहीं हो सकते। फिर यह देखने की बात भी है कि महंगाई दर में गिरावट (अगर यह टिकाऊ साबित होती है तो) किस कीमत पर आई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने दुनिया के अन्य सेंट्रल बैंकों की तरह मुद्रास्फीति नियंत्रित करने के लिए ब्याज दर बढने का तरीका अपनाया है। इसका एक परिणाम आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट के रूप में आना तय है। अब देखने की बात यह होगी कि क्या आर्थिक वृद्धि दर महंगाई दर से भी नीचे आ जाती है। अगर ऐसा हुआ, तो उस स्थिति स्टैगफ्लेशन कहा जाता है। यह संकट का सूचक होता है। आज स्टैगफ्लेशन का खतरा लगभग दुनिया के तमाम देशों में है। अब तक अनुभव यह है कि ब्याज दरें बढ़ाने से महंगाई उस अनुपात में नहीं घटी है, जिसकी उम्मीद की गई थी। इसका एक कारण यह है कि इस बार की महंगाई असल में बाजार में नकदी की अधिकता की वजह से नहीं रही है। बल्कि सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित होने का भी यह परिणाम है। इसलिए ब्याज दरें घटाने का भी ज्यादा असर नहीं हुआ है। उलटे इस नीति की वजह से मध्य वर्ग पर कर्ज चुकाने का बोझ बढ़ा है, जिससे उपभोग घटने के साफ संकेत हैं। उसका असर औद्योगिक विकास दर पर पड़ा है। स्टैगफ्लेशन की स्थिति को निर्मित करने में इस पहलू का भी योगदान है। यह दीगर बात है कि भारत सरकार की समस्या को स्वीकार करने को तैयार नहीं दिख रही है।

## राहुल ने शुरू की नई परंपरा

राहुल गांधी ने राजनीति की नई परंपरा शुरू की है। वे भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि सदैव अटल पर गए और उनको श्रद्धांजलि दी। इससे पहले कांग्रेस पार्टी के नेता किसी भाजपा नेता की समाधि पर नहीं जाते थे। भाजपा के नेता भी कांग्रेस नेताओं की समाधि पर नहीं जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या उनकी पार्टी का कोई नेता पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी या राजीव गांधी की समाधि पर नहीं जाता है। इसलिए राहुल गांधी का अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि पर जाना एक बड़ा राजनीतिक कदम है। यह सिर्फ दिखावे का कदम नहीं है, बल्कि बहुत सोच समझ कर उठाया गया है। कांग्रेस के एक जानकार नेता का कहना है कि जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी और उनकी पार्टी पिछले कुछ समय से कांग्रेस नेताओं को अपना बनाने में लगी है उसी तरह का प्रयास कांग्रेस ने शुरू किया है। ध्यान रहे भाजपा ने कांग्रेस के दिग्गजों, सरदार वल्लभ भाई पटेल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, महामना पंडित मदन मोहन मालवीय आदि को अपनाया है उसी तरह कांग्रेस की नजर लालकृष्ण आडवाणी और अटल बिहारी वाजपेयी पर है। इसमें भी वाजपेयी पर खासतौर से है क्योंकि वे घोषित रूप से नेहरूवादी माने जाते हैं। बहरहाल, कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि देर होने की वजह से शनिवार का कार्यक्रम स्थगित नहीं हुआ था, बल्कि खास कारण से राहुल गांधी शनिवार की शाम को महापुरुषों की समाधि पर नहीं गए थे। ध्यान रहे रविवार को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती थी। इसलिए यह तय हुआ है कि राहुल उनकी जयंती के दिन ही उनकी समाधि पर जाकर श्रद्धांजलि दें। इससे अलग मैसेज जाएगा। पहला मैसेज तो यह है कि राहुल नफरत मिटा रहे हैं और अपनी तीन हजार किलोमीटर की यात्रा से उन्होंने मोहब्बत का सबक लिया है। दूसरा मैसेज यह है कि वाजपेयी वाली भाजपा के विचार कांग्रेस से मिलते थे। कांग्रेस को इसका फायदा मिल सकता है।



## भाजपा सांसद का भड़काऊ बयान

**मध्यप्रदेश कांग्रेस का कहना है कि केंद्र सरकार को प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज करना चाहिए। लेकिन मध्यप्रदेश भाजपा का कहना है कि प्रज्ञा ठाकुर का बयान किसी धर्म से जुड़ा नहीं, बल्कि सभी बहन, बेटियों की आत्मरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा है। भाजपा उनके बचाव में चाहे जो तर्क दे, उनके भाषण और तेवर देखकर समझना कठिन नहीं है कि यह किसी धर्म के ...**

भोपाल से जब भाजपा की उम्मीदवार प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने लोकसभा का चुनाव जीता था और संसद में अपनी सीट पक्की कर ली थी, तो इस देश के बहुत से लोगों को हैरानी हुई थी। प्रज्ञा सिंह ठाकुर को मालेगांव बम धमाकों में आरोपी बनाया गया था। 2008 को हुए इस आतंकी हमले में सौ से अधिक लोग घायल हुए थे और 6 लोगों की मौत हो गई थी। इस आतंकी हमले ने एक बार फिर साबित कर दिया था कि आतंकवाद किसी एक रंग या धर्म से बंधा नहीं होता। जब धर्म उन्माद बनकर एक बड़े समाज को वहशी बनने के लिए उकसाता है, तो वह आतंकवाद की शक्ल लेने लगता है। पिछले कुछ दशकों में अलग–अलग सूरतों में दुनियाभर में आतंकवाद ने मासूम लोगों को अपना निशाना बनाया है, भारत भी इससे अछूता नहीं है। देश के बहुत से मासूम लोगों ने धर्म के नाम पर फैलाए जा रहे आतंकवाद में अपनी जान गंवाई है। लेकिन धार्मिक भावनाएं भड़काने का यह सिलसिला थम ही नहीं रहा है। कुछ वक्त पहले धर्म संसदों से सरेआम अल्पसंख्यकों को खत्म करने का आह्वान हुआ था। हरिद्वार, रायपुर, दिल्ली ऐसे तमाम शहरों में आयोजित धर्म संसदों में धर्म के मर्म पर चर्चा की जगह हिंदू धर्म को खतरे में बताकर अल्पसंख्यकों के खिलाफ जहर उगला गया था। इनके खिलाफ शिकायतें दर्ज हुईं तो कुछ एफआईआर दर्ज हुईं, कुछ गिरफ्तारियां हुईं, लेकिन जहर उगलने का सिलसिला जारी रहा। इसी कड़ी को अब प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने आगे बढ़ाया है। रविवार को कर्नाटक के शिवमोग्गा में हिंदू जागरण वेदिके के एक कार्यक्रम में भाजपा सांसद ने कहा कि हिंदुओं को उन पर और उनकी गरिमा पर हमला करने वालों को जवाब देने का अधिकार है। उन्होंने साफ–साफ शब्दों में हिंदुओं से अपने घरों में हथियार रखने का आह्वान किया। और ये भी कहा कि कम से कम सब्जी काटने का चाकू तेज रखें। अगर इससे सब्जी कटेगी तो दुश्मनों के सिर भी कटेंगे। धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले अंदाज में प्रज्ञा ठाकुर ने अपने भाषण में बार–बार उन्होंने शब्द का इस्तेमाल किया। यह सर्वनाम किस समुदाय के लिए था यह समझना कठिन नहीं है। इसके अलावा भाजपा सांसद ने कहा कि लव जिहाद में शामिल लोगों को उसी तरह जवाब दें। अपनी लड़कियों की रक्षा करें, उन्हें सही मूल्य सिखाएं। प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने मिशनरी संस्थानों में अपने बच्चों को शिक्षित करने के खिलाफ अभिभावकों को सलाह देते हुए कहा कि, ऐसा करने से आप अपने लिए वृद्धाश्रम के दरवाजे खोल देंगे। मिशनरी संस्थानों में बच्चे स्वार्थी हो जाते हैं।

भाजपा के बहुत से सांसद, विधायक, नेता मिशनरी स्कूलों से ही पढ़े हुए हैं और अब बहुतों के बच्चे भी यहां पढ़ते होंगे। मिशनरी से शिक्षित भाजपा नेताओं को ही प्रज्ञा सिंह ठाकुर को बताना चाहिए कि उनमें से कितनों ने अपने मां–बाप को वृद्धाश्रम में रखा है। वैसे भाजपा में बुजुर्गों को मार्गदर्शक मंडल में शामिल करने की परंपरा तो देश ने देखी ही है। लेकिन प्रज्ञा ठाकुर के इस भाषण का इरादा वृद्धों की देखभाल के बारे में चिंतन करने का नहीं था, बल्कि वे सीधे–सीधे हिंदू धर्म को सर्वश्रेष्ठ बताने के लिए दूसरे धर्म को कमतर बता रही हैं। संस्कारों को केवल हिंदू धर्म की जागीर बता रही हैं। संविधान के हिसाब से यह गलत है ही, लेकिन जिस तरह दुश्मनों के सिर काटने की बात उन्होंने की, घर में हथियार रखने को उकसाया, यह सीधे–सीधे देश के सौहार्द्र और सांप्रदायिक सद्भाव को तोड़ने की कोशिश दिखाता है। पिछले आम चुनाव के दौरान प्रज्ञा ठाकुर ने महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त बताया था। जाहिर है, अपनी इन बातों को भी वे देशभक्ति ही बताएंगी। देखना ये है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस बयान को किस तरह देखता है और इस पर क्या कार्रवाई करता है।

गोडसे को देशभक्त बताने पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें दिल से माफ न करने की बात कहीथी। हालांकि ऐसे प्रकरणों में मन की बात नहीं कानून की किताब के मुताबिक चला जाता है। अगर तब सत्तारुढ़ भाजपा ने अपनी सांसद के खिलाफ कोई कड़ा कदम उठाया होता, तो शायद वे ऐसे बयान देने से आइंदा परहेज करतीं। मगर भाजपा ने दिल से माफ न करने वाली बात से ही काम चला लिया और अब मंच से खुलेआम उसकी सांसद आत्मरक्षा के नाम पर हिंसा की बात कर रही हैं। क्या भाजपा सांसद को इस देश की पुलिस और न्यायपालिका पर यकीन नहीं है कि किसी के साथ अन्याय होने पर कानूनन इंसाफ दिलाने की प्रक्रिया होगी या फिर बदले की कार्रवाइयों से अन्याय का हिसाब–किताब होने को वे सही मानती हैं। अगर ऐसा है तो फिर देश की संसद में वे किसलिए पहुंची हैं। और भाजपा ने उन्हें किस मकसद से चुनाव में उम्मीदवार बनाया था। क्या भाजपा का मकसद केवल हिंदुत्व के नाम पर वोट बटोरने और लोकसभा में संख्या बढ़ाने का था। अगर हां, तो फिर उसका क्या नतीजा निकल रहा है, ये भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को देखना चाहिए।

मध्यप्रदेश कांग्रेस का कहना है कि केंद्र सरकार को प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज करना चाहिए। लेकिन मध्यप्रदेश भाजपा का कहना है कि प्रज्ञा ठाकुर का बयान किसी धर्म से जुड़ा नहीं, बल्कि सभी बहन, बेटियों की आत्मरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा है। भाजपा उनके बचाव में चाहे जो तर्क दे, उनके भाषण और तेवर देखकर समझना कठिन नहीं है कि यह किसी धर्म के खिलाफ था या नहीं। भाजपा की प्रतिक्रिया ने बता दिया कि वह प्रज्ञा सिंह ठाकुर के बयान पर कोई कार्रवाई नहीं करेगी। देखना ये है कि क्या अदालत ऐसे भड़काऊ बयान का स्वतरू संज्ञान लेगी या नहीं।

## जी-20 और भारत की अध्यक्षता

**जबकि उसी समय में जानबूझकर होने वाले दुरुपयोग या यहां तक गलतियों पर नजर रखता है। अत्यधिक प्रासंगिकता वाले प्राथमिकता के क्षेत्रों को आगे बढ़ाते हुए, एसएआई–20 के अध्यक्ष के रूप में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक एक प्रभावशाली और बेजोड़ जी–20 अध्यक्षता के लिए जी–20 एसएआई के मजबूत, सफल और व्यापक रूप से भागीदारी वाले सहयोग का इरादा रखता ...**

अजय दीक्षित

सन् 2022 में मोदी जी जी–20 के अध्यक्ष हैं । जी–20 विश्व की प्रमुख विकसित और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं को जोडने वाला एक बहुपक्षीय रणनीतिक मंच है। भविष्य में विश्व के आर्थिक विकास और समृद्धि को सुरक्षित रखने में जी–20 की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। एक साथ मिलकर जी–20 के सदस्य दुनिया की जीडीपी का 80 प्रतिशत से अधिक, अंतरराष्ट्रीय व्यापार का 75 प्रतिशत और दुनिया की आबादी के 67 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं। जी–20 सदस्य देशों के सर्वोच्च लेखा परीक्षण संस्थानों का एक समूह एसएआई–20 कार्य समूह शासन से जुड़ी संस्थाओं को मौजूदा समय में सामने आ रही समस्याओं का बेहतर, तेज और विश्वसनीय तरीके से हल निकालने में समर्थ बनाने के साथ ही नागरिकों को उच्च कोटि का जीवन प्रदान करने के लिए सरकारों को सक्षम बनाने की दिशा में काम करता है। इस कार्य समूह की स्थापना से एक इकोसिस्टम का निर्माण हुआ है जहां एसएआई सकारात्मक और जन केंद्रित दृढ़ नीतियों के माध्यम से शासन प्रणाली में साझेदार के रूप में बहु–हितधारक संबंधों के जरिए रणनीतियों को सुस्पष्ट और समन्वित करता है और साथ ही पारदर्शिता और जवाबदेही को भी आगे बढ़ाता है। एक दिसंबर 2022 को भारत के द्वारा जी–20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के साथ भारत का सीएजी यानी एसएआई इंडिया एसएआई–20 की अध्यक्षता करेगा। एसएआई इंडिया इस संपर्क समूह के महत्वपूर्ण स्तंभों के रूप में स्वतंत्रता, पारदर्शिता, जवाबदेही, सहयोग और निरंतरता की मान्यता के प्रति समर्पित रहेगा। जी–20 में भारत की अध्यक्षता के मार्गदर्शक सिद्धांत यानि वसुधैव कुटुम्बकम, जिसमें पूरे विश्व को एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के रूप में देखा जाता है, के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक प्राथमिकता वाले दो क्षेत्रों ब्लू इकोनॉमी और जिम्मेदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जी–20 एसएआई के सहयोग का प्रस्ताव रख रहे हैं। ब्लू इकोनॉमी एक ऐसी आर्थिक प्रणाली है जिसमें समुद्री और ताजे पानी के पर्यावरण के संरक्षण, उनके सतत उपयोग को बढ़ावा देने, खाद्य और ऊर्जा का उत्पादन करने, आजीविका में मदद करने और आर्थिक उन्नति और कल्याण में सहायक के रूप में कार्य करने के उद्देश्य से नीति और परिचालन–संबंधी आयामों की विस्तृत श्रेणी शामिल है। कॉप 26 में भारत के द्वारा प्रस्तुत की गई लाइफ यानि लाइफ स्टाइल ऑफ इन्वायरनमेंट की अवधारणा को ब्लू इकोनॉमी आगे ले जाती है जो कि समुद्री और मीठे पानी को नया जीवन देने और उसे बनाये रखने के लिए विचारहीन और अनावश्यक खपत की जगह सचेत और सुविचारित उपयोग की आवश्यकता पर जोर देती है। प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में, यह यूएन 2030 एजेंडा, विशेष रूप से (लेकिन अनन्य रूप में नहीं), लक्ष्य 14 अर्थात जलीय जीवन की उपलब्धियों पर एसएआई का ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। इसका उद्देश्य लेखा परीक्षण नीतियों और कार्यक्रमों पर इस तरह से सहयोग करना है जो ब्लू इकोनॉमी पर प्रभावशाली तरीके और प्रगतिशाली रूप में असर डाले और साथ ही समुदायों, क्षेत्रों के साथ–साथ राष्ट्रों तक फैले मजबूत अंतसंबंधों में और वृद्धि करे। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़ा अधिकांश वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर है, एसएआई को समाज में अधिक समावेशिता और लोगों के प्रति उनकी तत्काल प्रासंगिकता के हित में अधिक प्रभावी ढंग से अपने निरीक्षण का प्रयोग करने के लिए मजबूर करता है । जून 2019 में व्यापार और डिजिटल अर्थव्यवस्था पर जी–20 मंत्रिस्तरीय वक्तव्य के दौरान, और नवंबर 2021 में यूनेस्को द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की नैतिकता पर सिफारिशों के अनुसार, यह स्पष्ट करने की दिशा में एक शुरुआत की गई है कि सभी हितधारकों के बीच विश्वास पर ही एक डिजिटल समाज का निर्माण किया जाना चाहिए। जबकि एआई के एप्लीकेशन हमारे जीवन के अधिक से अधिक क्षेत्रों में शामिल हो रहे हैं, यह एआई के जिम्मेदारी भरे उपयोग को सुनिश्चित करने में □ सरकारों के साथ–साथ एसएआई दोनों की समझ, विनियमन और लेखापरीक्षा से जुड़ी जटिल चुनौतियों को सामने रख रहा है। एसएआई के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे एआई सिस्टम के इस्तेमाल से जुड़े मूल प्रश्नों को हल करने के लिए कारगर क्षमताओं को विकसित करें ताकि प्रभावी निरीक्षण के प्रतिनिधि के रूप में खुद को अनिवार्य रूप से स्थापित किया जा सके और व्यापक नीति निर्माण और कार्यान्वयन में साक्ष्य आधारित समर्थन प्रदान किया जा सके । एक सामान्य सिद्धांत जो हमारी दिशा का मार्गदर्शन करेगा, वह एआई सिस्टम के विकास और उपयोग को इस तरह से विनियमित करने की आवश्यकता होगा जो इसके जीवन को बदलने वाले फायदों को पूरी तरह से हासिल करने में सक्षम बनाता है, जबकि उसी समय में जानबूझकर होने वाले दुरुपयोग या यहां तक गलतियों पर नजर रखता है। अत्यधिक प्रासंगिकता वाले प्राथमिकता के क्षेत्रों को आगे बढ़ाते हुए, एसएआई–20 के अध्यक्ष के रूप में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक एक प्रभावशाली और बेजोड़ जी–20 अध्यक्षता के लिए जी–20 एसएआई के मजबूत, सफल और व्यापक रूप से भागीदारी वाले सहयोग का इरादा रखता है ।






# मृत्युलोक में पृथ्वी ही शक्ति है, वायुमंडल शिव है: पंडित सुरेश चन्द्र अवस्थी

## पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के प्रथम दिन कथा व्यास ने सुनाई शिव चरित्र की कथा का प्रसंग

सेउता (सीतापुर)। थाना थानगांव इलाके के ग्राम मड़ई गांव में चल रही पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के प्रथम दिन सीतापुर जनपद में व्यख्यात हरगांव थाना क्षेत्र के सधुवापुर गांव निवासी राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पं. सुरेश चंद्र अवस्थी जी के मुखारविंद से ज्ञान वैराग्य भक्ती और कथा के दूसरे दिन शिव चरित्र कथा का प्रसंग सुनाया गया। उन्होंने कहा कि मृत्युलोक में पृथ्वी ही शक्ति है। वायुमंडल शिव है। दोनों मिलकर 84 लाख योनियों से निकलकर जो जीव आता है, उसका कल्याण करते हैं। पृथ्वी, जल, वायु, आकाश, अग्नि इन पंचतत्वों की प्राणी को आवश्यकता होती है। पंचतत्व का जन्म भगवान शिव ने किया है। जल अग्नि में शिव का निवास है। पंचतत्व ही शिव के रूप में है। इनसे ही प्राणियों का जन्म हुआ है। यह पंचतत्व जीवन पूर्ण होने पर शिव में विलीन हो जाता है। जीव शिव का संबंध आदि–अनादि काल से बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भक्ति के मार्ग पर चलकर मनुष्य को सदबुद्धि की प्राप्ति होती है। यह मनुष्य का जीवन सफल कर उसे स्वर्ग तक ले जाती है। भागवत कथा में भक्ति ज्ञान वैराग्य का वर्णन करते हुए महाराज जी ने कहा कि जिस तरह भूखे को भोजन की और प्यासे को पानी की आवश्यकता होती है। उसी तरह प्राणी को मुक्ति के लिए वैराग्य, ज्ञान और भक्ति की जरूरत होती है। भगवान शिव ने निष्पाप सती को केवल इसलिए त्याग दिया क्योंकि श्रीराम की परीक्षा लेने के लिए उन्होंने भगवती सीता का रूप धारण किया।

यद्यपि भगवान शिव सीता को अपनी इष्ट देवी के रूप में मानते थे। जब सीता जी ने भगवान शिव की आराध्या सीता जी का रूप धारण कर लिया तो भगवान शिव उन्हें के रूप में कैसे स्वीकार कर सकते थे। इसलिए भगवान शिव ने सती जी का त्याग कर श्रीराम में अपनी दृढ़ निष्ठा का उदाहरण दिया। पंडित सुरेश चंद्र अवस्थी जी ने ज्ञान यज्ञ कथा को आगे बढ़ाते हुए पार्वती के जन्म तथा शिव विवाह के प्रसंग पर रोचक व्याख्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि भगवान शिव का स्वरूप लोक कल्याणकारी है। भगवान शिव के त्रिशूल का दर्शन करने से प्राणी के तीनों प्रकार के शूल नष्ट हो जाते हैं। दैहिक, देविक तथा भौतिक संताप शिव भक्तों को छू भी नहीं सकते। भगवान शिव के हाथ में सुशोभित डमरू के नाद से ही वेदों की ऋचाएं संगीत के सातों स्वर व्याकरण के सूत्रों का सृजन हुआ है। भगवान शिव के भव्य भाल पर सुशोभित गंगा त्रेलोक्य को पवित्र तथा पावन बनाती है। कथा का प्रसंग सुन तालियों की गड़गड़ाहट से पंडाल गूंज उठा। इस दौरान हजारों की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

# जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने हेतु फसल विविधीकरण आवश्यक

मानपुर (सीतापुर)। कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिया में फ्लोरीकल्चर मिशन अंतर्गत वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद– राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के सहयोग से कृषक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जनपद में पुष्पोत्पादन एवं मौनपालन को बढ़ावा देने हेतु प्रयास किया जा रहा है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने हेतु फसल विविधीकरण आवश्यक है। पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने हेतु मित्र जीवों को आमंत्रित कर उनके संवर्धन हेतु अनुकूल माहौल बनाने की अति आवश्यकता है। जिसके अंतर्गत फूलों की खेती को बढ़ावा देकर पर्यावरण हितैषी जीवों के संवर्धन हेतु प्रयास की आवश्यकता है साथ ही पुष्पोंत्पादन से अधिक आय अर्जन एवं मौन पालन को बढ़ावा देने में मजबूती मिलेगी। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र कटिया सीतापुर में राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ के सौजन्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, के प्रधान वैज्ञानिक डॉ दया शंकर ने फ्लोरीकल्चर मिशन के उद्देश्यों पर वार्ता करते हुए कहा कि वाणिज्यिक फूलों की खेती, मधुमक्खी पालन और जंगली सजावटी पौधों के लिए फूलों की खेती पर ध्यान केंद्रित करना है ताकि किसानों और उद्योग को निर्यात आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खुद को तैयार करने में मदद मिल सके। डॉ केके पुरुषोत्तम प्रधान वैज्ञानिक राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, द्वारा विभिन्न मौषम में अलग अलग फूलों की शस्य क्रियाओं व विपणन व्यवस्था पर वार्ता की गई। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ दया शंकर श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, के वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद के फसल विविधीकरण में यह योजना अहम भूमिका अदा करेगी और जो कृषक कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से इस योजना से जुड़ रहे हैं उन्हें आने वाले कई वर्षों तक योजना का लाभ मिलता रहेगा। राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, के वैज्ञानिक डॉ नौशाद आलम व डॉ वसीम ने योजनान्तर्गत कृषकों को देय आदानों व पंजीकरण प्रक्रिया पर विस्तार से वार्ता की। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रसार वैज्ञानिक शैलेंद्र सिंह व मधुमक्खी पालक अचल वर्मा द्वारा फूलों की खेती के साथ मधुमक्खी पालन का सलाह दी गई उन्होंने कहा कि इससे खेती में गुणात्मक बृद्धि होगी। केन्द्र के अन्य वैज्ञानिक डॉ आनंद सिंह, शिशिर कांत सिंह व सचिन प्रताप तोमर द्वारा प्राकृतिक विधि से खेती की प्रक्रिया पर वार्ता की गई। कार्यशाला में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 62 कृषकों ने प्रतिभागिता की व अपना पंजीकरण कराया। किसानों को गेंदा के नर्सरी पौध एवं रजनीगंधा के कंद खेती के लिए उपलब्धा कराकर वितरित किए गए। कार्यशाला का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन डॉ योगेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

# निपुण लक्ष्य प्राप्ति में समन्वय आवश्यक: बीडीओ सदर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं निपुण लक्ष्य की प्राप्ति के





लिए बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी सहयोग एवं समन्वय अत्यंत आवश्यक है। ब्लॉक संसाधन केंद्र नौगढ़ में आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण समारोह में यह विचार बीडीओ नौगढ़ अरूण कुमार श्रीवास्तव ने प्रधानाध्यापकों, ग्राम प्रधानों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। बीडीओ सदर ने ग्राम प्रधानों से परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प योजना के अन्तर्गत सभी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने हेतु अभिप्रेरित करते हुए शिक्षकों से निपुण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु तथा अभिभावकों को बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म, स्वेटर आदि उपलब्ध कराते हुए नियमित गृह शिक्षण कार्य हेतु अभिप्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र गंगा मिश्र तथा जिलाध्यक्ष चंद्रमणि यादव ने स्कूलों के कायाकल्प सहित सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्धता का विश्वास दिलाया। बीईओ धर्मेन्द्र कुमार पाल ने विद्यालयों के कायाकल्प के लिए ग्राम प्रधानों का आभार व्यक्त करते हुए शौचालय, पेयजल एवं अन्य मूलभूत आवश्यक्ताओं की व्यवस्था में सहयोग का अनुरोध किया। नियाज कपिलवस्तुवी के संचालन में संपन्न कार्यक्रम को शिक्षक नेता सुभाष वरूण, विजयेन्द्र मिश्रा, किरन उपाध्याय, उपेन्द्रनाथ उपाध्याय आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में धर्मेन्द्र सिंह, जितेंद्र मिश्रा, विरेंद्र गुप्ता, सत्येंद्र गुप्ता, रामकृष्ण चौरसिया, राजेश यादव, धर्मेन्द्र चौधरी, राजेश कुमार, आरती चौधरी, अमिता शुक्ला, रीता चौधरी, सुनीता वर्मा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# अवैध अस्पतालों को सील करते हुये उन पर एफआईआर दर्ज कराई जाये: जिलाधिकारी

## डीएम की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन

सीतापुर। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान उन्होंने टीकाकरण की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि जो बच्चें टीकाकरण से छूट गये हैं। उनकी सूची तैयार उनका टीकाकरण अवश्य ही किया जाये और टीकाकरण से छूटे हुये बच्चों के कारण की भी जानकारी कर करें। उन्होंने कहा कि टीकाकरण जहां पर कम है। वहां पर परिजनों को टीकाकरण हेतु जागरूक किया जाये ताकि शतप्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी एम0ओ0आई0सी0 से समन्वय स्थापित करते हुये छूटे हुये बच्चों की सूची चेक करते हुये उनका टीकाकरण शतप्रतिशत किया जाये व सुपरवाइजर निरीक्षण अपने प्लान के अनुसार ही करें। एम0आर0–1 एवं एम0आर0–2 टीकाकरण खुराक से छूटे बच्चों की सूची बनाकर उनका टीकाकरण की खुराक दे दी जाये।

उन्होंने बी0सी0जी0 के टीकाकरण की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि जहां–जहां पर बी0सी0जी0 के टीकाकरण की स्थिति ठीक नहीं है वहां पर बी0सी0जी0 के टीकाकरण में सुधार लाया जाये। साथ ही उन्होंने ओ0पी0वी0 टीकाकरण की जानकारी। आशाओं को जागरूक करते हुये पात्रों के अधिक से अधिक गोल्डेन कार्ड जारी किये जाये तथा सभी एम0ओ0आई0सी0 संबंधित से समन्वय स्थापित करते हुये इसकी प्रगति को बढ़ायें। जिलाधिकारी ने टी0बी0 के मरीजों की जानकारी ली तथा संबंधित को निर्देश दिये कि टी0बी0 से पीड़ित मरीजों को दी जाने वाली धनराशि उनके खातों में जल्द से जल्द दे दी जाये। संस्थागत प्रसव की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव किये जायें।

उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि अवैध अस्पतालों को सील करते हुये उन पर एफ0आई0आर0 दर्ज की जाये। उन्होंने राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय बाल कार्यक्रम, कोल्ड चौन आदि की भी जानकारी ली। उन्होंने सभी एम0ओ0आई0सी0 को निर्देश दिये कि ठंड से बचाव हेतु मरीजों एवं तीमारदारों को कम्बल, अलाव एवं अन्य बचाव की सामग्रियां उपलब्ध करायी जाये ताकि उनके किसी प्रकार की कोई परेशानियों को सामना न करना पड़े तथा कोविड से बचाव हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पहले से ही कर ली जायें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मधु गैरोला, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 पी0के0 सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा0 सुषमा कर्णवाल सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं एम0ओ0आई0सी0 उपस्थित रहे।

# शौचालय है या तिजोरी लटका रहता ताला

पाली,हरदोई ।सामुदायिक शौचालयों में जब तक तिजोरी की तरह ताला लटकता रहेगा तब तक ग्रामीण शौच के लिए लोटा बोतल लेकर खेतों की तरफ दौड़ लगाता रहेगा लेकिन जिम्मेदार इस पर तवज्जो देना मुनासिब नहीं समझते शौचालयों की देखरेख साफ सफाई आदि के नाम पर सिस्टम की मिलीभगत से हर महीने हजारों रुपए के गोलमाल का खेल चल रहा है ।भरखनी ब्लाक के निजामपुर गांव के ग्रामीणों के मुताबिक ग्रामीण स्वच्छता अभियान के तहत लाखों रुपए खर्च कर गांव के पूर्व एक सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था ताकि शौचालय विहीन लोग खुले में शौच न जाएं इसकी देखरेख साफ सफाई आज के लिए ग्राम पंचायत द्वारा एक सफाई कर्मी की नियुक्ति की गई जो शौचालय की दिन में दो बार साफ सफाई करेगा जिसे मानदेय के रूप में प्रति महीने ध6000 के अलावा बिजली बाशिंग पाउडर दस्ताने लोटा बाल्टी आदि पर ध3000 खर्च खर्च किए जा रहे हैं इसके बाद भी शौचालय में हर समय ताला लटकता रहता है जिससे हम लोग पहुंच के लिए लोटा और बोतल लेकर खेतों की तरफ जाने के लिए मजबूर हैं ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी सरकारी योजनाओं को धरातल पर लाने के बजाए कागजों पर दर्शा कर धन का बंदरबांट करने में जुटे हुए हैं

# पुल की टूटी रेलिंग कभी बन सकती है हादसे का कारण

बिलग्राम। बिलग्राम क्षेत्र के रहुला जफरपुर मार्ग पर गहा नदी में बगैर रेलिंग का पुल कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। ये पुल पुराना होने के चलते काफी जर्जर हो चुका है इसके साथ ही पुल के एक तरफ की रेलिंग पूरी तरह टूट चुकी है। यही नहीं पुल के अंदर पड़ी लोहे की सरियों के ऊपर लगा सीमेंट का मसाला टूट कर नीचे गिर चुका है। लोगों का कहना है कि इस पर से गुजरने वाले वाहन कभी भी हादसे का शिकार हो सकते हैं। बताया गया है कि अभी हाल ही में पुल से गत कुछ दिन पूर्व ग्राम गनीपुर की बैलगाड़ी गुजर रही थी इसी दौरान उसके पीछे आ रहे आटो चालक ने साइड पाने के लिए हार्न बजाया लेकिन हार्न की आवाज सुनते ही बैल भड़क गये और बैलगाड़ी नदी में जा गिरी,। गनीमत ये रही कि नदी में पानी होने के चलते उसपर सवार लोगों को ज्यादा चोटें नहीं आईं ।लोगों का कहना है कि पुल की रेलिंग टूटी न होती तो ये हादसा न होता। जर्जर पुल की खबरें कयी बार प्रकाशित हो चुकी हैं बावजूद इसके प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है । खंड दो लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता बृजेश कुमार ने बताया कि पुल देखेगे और कार्य कराएंगे।

# 50वीं राज्यस्तरीय प्रदर्शनी–2022 में आदित्य परिहार ने जिले का नाम किया रोशन





दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्धनगर। लखनऊ के रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल पब्लिक स्कूल में 50वीं राज्यस्तरीय जवाहरलाल नेहरू विज्ञान, गणित और पर्यावरण प्रदर्शनी–2022 प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 18 मंडल के लगभग 540 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता सात कैटेगरी में आयोजित की गई। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अर्चना शिरोमणि ने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर से उच्च प्राथमिक विद्यालय ततारपुर दादरी, कक्षा–8 से कशिश एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय घोड़ी बछेड़ा दादरी, कक्षा–7 से आदित्य परिहार द्वारा 50वीं राज्यस्तरीय जवाहरलाल नेहरू विज्ञान, गणित और पर्यावरण

- **घोड़ी बछेडा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय दादरी के छात्र का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ चयन**
- **डिस्ट्रिक्ट कोअर्सडिनेटर अर्चना शिरोमणि ने विद्यालय में पहुंचकर छात्र को किया सम्मानित**

प्रदर्शनी–2022 (12 से 15 दिसम्बर) में विद्यालय जनपद एवं मेरठ मंडल पर चयनित होने के उपरान्त राज्य स्तर पर प्रतिभाग किया, जिसमें जनपद के परिषदीय स्कूल घोड़ी बछेड़ा के छात्र आदित्य परिहार का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। आदित्य परिहार ने पर्यावरण सम्बन्धी चिंताओं पर आधारित प्रोजेक्ट जीरो वेस्ट सोसायटी तैयार किया था। आयोजित कार्याक्रम में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह द्वारा स्टाल पर जाकर आदित्य परिहार के प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी ली और उसके कार्य की प्रशंसा की एवं आदित्य के द्वारा सफलता का श्रेय माता–पिता एवं शिक्षिका समीक्षा सिंह को दिया गया। 50वीं राज्यस्तरीय जवाहरलाल नेहरू विज्ञान, गणित और पर्यावरण प्रदर्शनी–2022 प्रतियोगिता में आदित्य परिहार का चयन होने पर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर (विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी) अर्चना शिरोमणि उच्च प्राथमिक विद्यालय घोड़ी बछेड़ा दादरी में पहुंचकर आदित्य परिहार को सम्मानित किया। उन्होंनें बताया कि आदित्य बहुत महाविचारक है एवं उसका प्रस्तुतीकरण बहुत ही प्रेरक है। आदित्य को प्रोजेक्ट की बारिकी से जानकारी है साथ ही आदित्य की शिक्षका कनिका भी बधाई की पात्र है। उन्होंनें कहा कि एक छात्र के शिक्षक का मार्ग दर्शन उसके लिए प्रेरणादायक होता है। इस अवसर पर डाइट से भूपेन्द्र सिंह एवं धनराज सिंह के द्वारा भी आदित्य परिहार को सम्मानित किया गया।

# निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूकता अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। बुधवार को युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के तत्वावधान में आज बंकी ब्लाक की ग्राम पंचायत जसमंडा के मलूकपुर में समाजसेविकाध्अध्यक्ष नेहा मौर्या की अध्यक्षता में स्वच्छता अभियान पर निबंध प्रतियोगिता के साथ विभिन्न बिंदुओं जैसे पर्यावरण प्रदूषण और पर्यावरण स्वच्छता, हिंदी भाषा का महत्व, जल संचयन, वृक्षों की उपयोगिता आदि पर



निबंध मुद्दों पर बैठक की गई। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष गीता देवी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रभारी ने बताया कि स्वच्छता अभियान पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में युवतियों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया, जिसमें मीनाक्षी, मोनिका, रेनू, सावित्री, निक्की, कविता, गीता, रुकसार के साथ रेखा ने प्रतिभाग किया। निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाली युवतियों को आगामी 05 जनवरी 2023 को पुरस्कृत किया जाएगा। ततपश्चात स्वच्छता अभियान पर बैठक के दौरान आशा बहू ने कहा कि सभी युवतियों को अपने घर परिवार के साथ अपनी स्वच्छता पर भी विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। संयुक्त मंत्री मीनाक्षी मौर्या ने कहा कि युवाओं में नशे की लत जो जारी है ये बहुत ही अत्याचारी है, मेले लगते हैं शमशानों मे आज इसकी तो कल उसकी बारी है। उधर फतेहपुर निवासी ध्यान सिंह चिंतन ने समाज में व्याप्त मद्य निषेध पर स्वयं द्वारा रचित रचनाओं के माध्यम से जागरूकता परक संदेश देने का काम कर रहे हैं।

# परिषदीय विद्यालयों में चहक कार्यक्रम की धूम

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर। परिषदीय विद्यालयों में निजी शिक्षण





संस्थानों की तर्ज पर बेहतर शिक्षा देने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कायाकल्प के माध्यम से स्कूलों की छवि सुधारा जा रहा है तो अब चहक कार्यक्रम के तहत बेसिक शिक्षा विभाग उत्सव मना रहा हैद्य इस दौरान कक्षा एक के छात्रों की पढ़ाई को रुचिकर बनाने में सहयोग के लिए अभिभावकों को जागरूक भी किया जा रहा हैद्य मंगलवार को उसका बाजार विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द, हथिवड़ताल ,प्राथमिक विद्यालय भिटिया, सेखुई, जगमोहनी, पोखरभिटवा, मधुरी, घुघुलिया, सोहांस, नगवां, परसामहापात्र आदि विद्यालयों में चहक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें माता–पिता व अभिभावक को शिक्षक स्कूल में उनके बच्चों की प्रगति व बच्चे की उपलब्धि बताई गई। इस दौरान बच्चों ने कविता पाठ किया और कहानी सुनाया। साथ ही रोल प्ले का प्रदर्शन का प्रदर्शन किया। जिला समन्वयक ईएमआईएस संदीप, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय महेंद्र प्रसाद व बीइओ महेंद्र कुमार ने एक दर्जन विद्यालयों का निरीक्षण किया व कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# समय से भोजन व नाश्ता नहीं मिलने पर तीमारदारों ने किया हंगामा

सलेमपुर। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसव केंद्र में आने वाली महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना के तहत सहूलियत नहीं दी जा रही है। सुबह करीब 11 बजे तक प्रसूताओं को अंडा, दूध, मक्खन, ब्रेड नहीं दिया गया था। इससे नाराज तीमारदारों ने प्रसव कक्ष में हंगामा कर दिया। मामला बढ़ता देखकर दोपहर बाद कुछ प्रसूताओं को दूध दिया गया। अधिकतर प्रसूताओं को दूध नहीं मिला। तीमारदारों ने उच्चाधिकारियों से इसकी शिकायत की।

जननी सुरक्षा योजना के तहत अस्पताल में प्रसव होने के बाद 48 घंटे तक प्रसूताओं को नाश्ता और दोनों वक्त का भोजन दिया जाना है। इसके लिए सुबह–शाम का मेन्यू तय है। शासन की मंशा है कि शुरूआती घंटों में प्रसूता को पौष्टिकता की पूरी खुराक मिल सके, ताकि जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। यहां ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से योजना लापरवाही की भेंट चढ़ गई है। मेन्यू के मुताबिक, सुबह चाय, ब्रेड और आधा लीटर दूध देना है। शाम को चाय, ब्रेड और दो अंडे या दो मौसमी फल दिए जाने हैं। दोपहर में दाल, चावल, सब्जी, सलाद और रात को सब्जी–रोटी या पराठा–सब्जी देना है। यहां प्रसूताओं को गुणवत्तायुक्त भोजन देने के नाम पर बड़ा खेल किया जा रहा है। अंडा, दूध, मक्खन, ब्रेड तो दूर, इन्हें भोजन के भी लाले हैं। ऐसे में तीमारदार घर से भोजन लाने के लिए मजबूर हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भाटपार रानी थाना क्षेत्र के सोहन पाल गांव निवासी सुनील कुमार की पत्नी साधना देवी, कोतवाली थाना क्षेत्र के जमुआ गांव निवासी अरमान अली की पत्नी रुखसार बेगम, नदावर गांव निवासी सद्दाम हुसैन की पत्नी सना खातून, नगर के वार्ड नंबर 13 पश्चिमी इचौना निवासी दीपक जायसवाल की पत्नी प्रियंका जायसवाल व मझौली राज नगर के वार्ड नंबर पांच टेढ़ी मोहल्ला निवासी जमाल अहमद की पत्नी सोनी देवी का प्रसव हुआ था। प्रसूताओं ने बताया कि 11:00 बजे तक सीएससी के जिम्मेदारों की ओर से न कोई नाश्ता न ही भोजन दिया गया है। तीमारदारों ने इसकी शिकायत सीएससी के प्रभारी डॉ. अतुल कुमार से की। उसके बावजूद प्रसूताओं को नाश्ता व भोजन नहीं दिया गया। इसके बाद तीमारदारों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। मामला बढ़ता देख सीएससी के अधीक्षक के निर्देश के घंटों बाद प्रसूताओं को भोजन दिया गया।

प्रसव के बाद प्रसूता के परिजन उन्हें अस्पताल में रोकने की जगह बिना बताए घर लेकर चले जाते हैं। नियमानुसार उन्हें तीन दिनों तक अस्पताल में रहना चाहिए। ऐसे में कुछ प्रसूताओं को नाश्ता, भोजन नहीं मिल पाता है। तीमारदारों की शिकायत के बाद प्रसूताओं को नाश्ता और भोजन उपलब्ध कराया गया।

## लार सीएचसी में डमी मरीज का परीक्षण कर जांची गई तैयारी

लार। सीएचसी में एसीएमओ डॉ. बीपी सिंह की मौजूदगी में मॉकड्रिल की गई। इसमें सभी उपकरण क्रियाशील मिले। सबसे पहले एक डमी मरीज को स्वास्थ्य कर्मी एंबुलेंस से लेकर सीएचसी के पीकू वार्ड में पहुंचे। यहां पहले से तैनात स्वास्थ्य कर्मियों ने उसकी पल्स, ऑक्सीजन स्तर, तापमान का परीक्षण किया। इसके बाद उसे वार्ड स्थित बेड पर लिटाकर ऑक्सीजन व जरूरी दवाएं दीं। ऑक्सीजन कन्संट्रेटर, ऑक्सीजन सिलिंडर, बैक पाइप मशीन व पीडियाट्रिक की मशीनों की क्रियाशीलता को परखा गया। सभी मशीनें दुरुस्त मिलीं। इस दौरान मेंटरनल कंसल्टेंट विश्वनाथ मल्ल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीवी सिंह, बालरोग विशेषज्ञ डॉ. एसएन सरस्वती, डॉ. संतोष कुमार आदि मौजूद रहे। अधीक्षक ने बताया कि इडा व भेल के प्रयास से सीएचसी परिसर में पांच सौ एलपीएम क्षमता का आक्सीजन प्लांट लगाने की तैयारी है।

## पिपरा दौलाकदम सीएचसी पर स्वास्थ्यकर्मियों को कराया गया अभ्यास

देसही देवरिया। पिपरा दौलाकदम गांव स्थित सीएचसी कोरोना से बचाव की तैयारियों को परखा गया। डब्लूएचओएस आरटीएल डॉ. अंकुर सांगवाल व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विनय पांडेय के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों को बीमारी से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास कराया गया। यहां कोरोना के लिए 30 बेड का अस्पताल, पांच सौ लीटर क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया है। हालांकि, मौजूदा जेनरेटर से 250 एलपीएम क्षमता ही इसकी रह गई है। बिजली रहने पर ही पूरी क्षमता से यह प्लांट चलाया जा सकता है। इससे पूर्व जून माह में मॉकड्रिल कराई गई। इस दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ. शुभलाल, डॉ. प्रवीण पाल, फार्मासिस्ट वलीउल्लाह खान, राघवेंद्र सिंह, जसवंत प्रसाद, बीपीएम अमित, चांदनी सिंह, प्रतिभा चौहान, मालती आदि मौजूद रहे।

## नहीं चला आक्सीजन प्लांट

रुद्रपुर। कोरोना के संभावित खतरे को देखते हुए आयोजित मॉक ड्रिल कुछ जगहों पर महज नुमाइशी साबित हुआ। रुद्रपुर सीएचसी पर कोरोना से बचाव के लिए आयोजित पूर्वाभ्यास कार्यक्रम फ्लाप रहा। डप्टी सीएमओ डॉ. संजय चंद की देखरेख में मॉकड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान कोविड वार्ड में अंधेरा पसरा रहा। कोरोना के मरीजों को ऑक्सीजन देने के लगा प्लांट ऐन वक्त पर जवाब दे दिया। डिप्टी सीएमओ ने प्लांट चालू कराने की एक घंटे तक कोशिश की। कई मैकेनिक बुलाए गए, लेकिन अंत तक ऑक्सीजन प्लांट नहीं चालू हुआ। मॉकड्रिल के लिए डॉक्टर, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, वार्ड ब्याय की ड्यूटी लगाई गई थी। मॉक ड्रिल शुरू होने पर स्टाफ नर्स और वार्ड ब्वाय अनुपस्थित रहे। खराब व्यवस्था को लेकर डिप्टी सीएमओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधीक्षक डॉ. दिनेश यादव को मॉकड्रिल में गैरहाजिर कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोरोना को देखते हुए तैयारी का जायजा लेने के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया है। व्यवस्था में काफी खामियां पाई गई हैं। पेंडमिक के मामले में लापरवाही ठीक नहीं है। रुद्रपुर में 50 शैया का कोविड वार्ड को पूरी तरह ठीक किया जाए। उन्होंने अधीक्षक को आक्सीजन प्लांट ठीक कराने का निर्देश दिए। इस अवसर पर डॉ. दिनेश यादव, डॉ. वाईपी यादव, डॉ. सुशील मल्ल, विकास कुमार, यशवंत सिंह, विवेक जायसवाल तेज बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने प्राथमिक विद्यालय दानोपुर का किया निरीक्षण, मिली खामियां

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सदर ब्लॉक स्थित दानोपुर प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई खामियां मिलीं। डीएम के सामने बहानेबाजी कर गलती को छिपाने का प्रयास भी किया गया। डीएम ने बिना अवकाश के अनुपस्थित अध्यापिका का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिहै। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी एवं बीएसए से स्पष्टीकरण तलब किया है। दोपहर 12रू30 बजे डीएम दानोपुर प्राथमिक विद्यालय पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले उपस्थिति पंजिका के बारे में जानकारी ली। सहायक अध्यापिका नीलम मौर्या बिना किसी सक्षम अधिकारी से अवकाश स्वीकृत कराए अनुपस्थित मिलीं। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में पाया कि अध्यापिका अक्सर लंबे–लंबे समय तक अवकाश पर रहती हैं। उन्होंने उपस्थिति पंजिका में अंकित अवकाश एवं मानव संपदा पोर्टल पर अंकित अवकाश का मिलान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुपस्थित सहायक अध्यापिका के एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। विद्यालय में कुल 68 छात्रों का नामांकन है, जिसके लिए दो शिक्षामित्र सहित पांच अध्यापकों की तैनाती है। विद्यालय में 35 छात्र उपस्थित मिले। प्रधानाध्यापक के मोबाइल फोन में प्रेरणा एप डाउनलोड नहीं मिला। इस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की और एप को डाउनलोड करने के लिए कहा। डीएम ने मिड–डे–मील के बारे में भी जानकारी ली। मिड–डे–मील बनाने के लिए स्थायी किचन विद्यालय परिसर में नहीं मिला। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि किचन निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। इसके कारण अस्थायी किचन की स्थापना करके मिड–डे–मील बनाया जा रहा है। मिड–डे–मील परोसने के लिए बर्तन नहीं दिखने पर डीएम ने पूछा तो बताया गया कि बर्तन स्टोर में रखे हैं। फिर डीएम ने स्टोर में रखे बर्तन को दिखाने के निर्देश दिए। बताया गया कि विद्यार्थी खुद अपना बर्तन लेकर आते हैं। डीएम ने कहा कि प्रथम दृष्टया विद्यालय में मिड–डे–मील के लिए निर्धारित मानकों का पालन होता नहीं दिख रहा है। इस दौरान डीएसओ संजय पांडेय आदि मौजूद थे।

## बुद्ध नगरी में एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से प्रस्तावित विकास कार्यो पर की गई चर्चा

कुशीनगर । जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में जनपद में समेकित पर्यटन विकास के दृष्टिगत बैठक जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में बौद्ध पर्यटन स्थल कुशीनगर में एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से कराए जाने वाले कार्यों के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। इसी क्रम में बुद्ध गमनपथ, बुद्धा थीम पार्क, ऑडिटोरियम, विपशय्ना पार्क आदि के विकास हेतु चर्चा की गई। जनपद में इको टूरिज्म अंतर्गत कप्तानगंज क्षेत्र के मणिताल, घोड़ाधाप झील फाजिलनगर, हिरण्यावती के किनारे बुद्ध मूर्ति, ग्रामीण पर्यटन, पर्यटन यूथ क्लब पर्यटन मित्र आदि के संदर्भ में चर्चा हुई। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किए जाने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में उन्होंने ग्रामीण पर्यटन के तहत ग्रामों का चयन किए जाने वहां अवस्थापना विकास, बुद्ध गमन पथ में आने वाले गांव में भंते गण के सहयोग से बुद्ध मूर्ति की स्थापना, कुकुत्था और हिरण्यावती नदी के संगम को भी विकसित करने का निर्देश दिया। ईको टूरिज्म हेतु प्रभागीय वन अधिकारी अनिल श्रीवास्तव को निर्देशित किया गया। विधायक खड्डा विवेकानंद पांडे द्वारा खड्डा अवस्थित पनियहवा पर्यटन स्थल को विकसित किए जाने को कहा गया। उनके द्वारा सीमावर्ती गांव में विद्युत की समस्या को भी डीएम के समक्ष रखा गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी खड्डा संदीप वर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविंद्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अभय यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य, पर्यटन सूचना अधिकारी प्राण रंजन तथा संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कुश्ती : जिले को मिली सब जूनियर बालिका स्टेट प्रतियोगिता की मेजबानी

देवरिया। रवींद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में अगले माह बालिका कुश्ती के रोमांच से भरपूर मुकाबले देखने को मिलेंगे। 13 से 15 जनवरी तक यहां प्रदेश भर से जुटीं सब जूनियर महिला वर्ग की पहलवान अपना दमखम दिखाएंगी। इसके लिए यहां तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

खेल निदेशालय और उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ की ओर से होने वाली यह प्रतियोगिता पहले आजमगढ़ में आयोजित होनी थी। प्रदेश कुश्ती संघ की विशेष पहल पर अब इसे देवरिया को आवंटित कर दिया गया है। इसमें 18 मंडल की टीमों के अलावा वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर एवं अयोध्या कुश्ती बालिका छात्रावास को मिलाकर कुल 20 टीमें हिस्सा लेंगी।

बाहर से आने वाली टीमों को स्टेडियम परिसर में स्थित बहुद्देशीय हाल एवं जिम हाल में ठहराया जाएगा। खिलाड़ियों के भोजन की व्यवस्था भी यही होगी। 13 जनवरी को बाहर से आने वाली टीमें देवरिया पहुंच जाएंगी और इसी दिन खिलाड़ियों का वजन भी होगा। मुकाबले 14 व 15 जनवरी को सुबह 10 से चार बजे तक स्टेडियम में खुले ग्राउंड पर ही मैट बिछाकर होंगे। हर मंडल की टीम में 10 खिलाड़ी शामिल होंगी एवं मुकाबले नाकआउट राउंड के आधार पर प्रदेश कुश्ती संघ के 12 आफिशियल एवं खेल निदेशालय के दो पूर्व उपनिदेशक अश्वनी कुमार सिंह एवं एआर पटेल की देखरेख में होंगे।

10 भार वर्गों में होगी फ्री स्टाइल की कुश्तीः प्रतियोगिता के लिए 10 भार वर्ग निर्धारित किए गए हैं। इसमें 40, 43, 46, 49, 53, 57, 61, 65, 69, 76 किलोभार वर्ग में फ्री स्टाइल के मुकाबले होंगे। वर्ष 2006, 2007 व 2008 वर्ष में जन्मीं खिलाड़ी ही इसमें प्रतिभाग कर सकेंगी। आयु के सत्यापन के लिए हर प्रतिभागी खिलाड़ी को अपने साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाणपत्र लाना होगा।

दो जनवरी को चुनी जाएगी जिला टीमः सब जूनियर बालिका कुश्ती में प्रतिभाग के लिए जिला टीम का चयन दो जनवरी को स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी तीन जनवरी को गोरखपुर में मंडल ट्रायल में भाग लेंगे। यहां बेहतर प्रदर्शन के आधार पर गोरखपुर मंडल टीम में इनका चयन होगा।

## ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 200 मी0 दौड़ बालक वर्ग में अमन कुशवाहा प्रथम व अंकित चौरसिया दूसरे स्थान पर रहे

कुशीनगर । नेहरू युवा केंद्र कुशीनगर द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में मंगलवार को दो दिवसीय विकास खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन नेबुआ नौरंगिया विकास खण्ड के सरस्वती देवी इंटर कॉलेज के प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि धीरज तिवारी प्रधान, जिला युवा अधिकारी सचिन कुमार तथा क्रीडा अधिकारी रवि निषाद, राज भरोसे गुप्ता, राजू यादव आदि के द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दो दिवसीय विकास खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम दिवस वॉलीबाल प्रतियोगिता में पकड़ियार बाजार गांव की टीम ने लौकरिया गांव की टीम को पराजित कर विजय प्राप्त किया तथा कबड्डी प्रतियोगिता मे सिंगहा गांव ने पकडियार को पराजित कर विजय प्राप्त की। वही प्रतियोगिता के दूसरे दिन 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग मे अमन कुशवाहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तो दूसरे स्थान पर अंकित चौरासिया रहे। लम्बी कूद प्रतियोगिता मे भी युवाओ ने अपना परचम लहराया लम्बी कूद मे प्रथम स्थान अंकित चौरसिया एवं दूसरा स्थान तवहीव अंसारी ने प्राप्त किया। अंत मे जिला युवा अधिकारी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा अतिथियों को वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता मे व्यवस्था में अनिल भारती, गोपी शर्मा, शरद यादव, अजय, गोलू, अभिनाश यादव, अभिमन्यु यादव, सुधीर, प्रदीप भारती तथा नौशाद अली आदि उपस्थित रहे।

## वेंटिलेटर से उठा धुंआ, तीन ऑक्सीजन प्लांट खराब

देवरिया। मेडिकल कॉलेज में . कोरोना से बचाव की तैयारियों को परखने के लिए मॉकड्रिल में ही खामियों की पोल खुल गई। कोरोना वार्ड लगे चार वेंटिलेटर जैसे ही चालू हुए, उनमें से धुंआ उठने लगा। इससे अफरातफरी मच गई। वहीं, मेडिकल कॉलेज में लगे पांच ऑक्सीजन प्लांट में से दो चालू ही नहीं हो सके। रुद्रपुर में भी ऑक्सीजन प्लांट नहीं चालू हो सका। जनपद में मेडिकल कॉलेज, सीएचसी लार, पिपरादौलाकदम, गौरीबाजार, रुद्रपुर में मॉकड्रिल हुई। विश्व स्तर पर कोविड के बढ़ते नए मामलों को देखते हुए शासन के निर्देश पर महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज सहित तीन सीएचसी में इससे निपटने की तैयारियों को परखा गया। अधिकारियों ने विशेष रूप से बनाए गए एमसीएच विंग में ऑक्सीजन प्लांट, वेंटिलेटर, निर्धारित बेड पर लगे सपोर्टेड स्क्रीनिंग मॉनीटर सहित अन्य मशीनों की क्रियाशीलता को देखा। चार जगहों पर एक मॉनीटर चालू होते ही उसमें से धुंआ निकलने लगा। इसके बाद जल्दी से इसका स्विच ऑफ किया गया। पांच ऑक्सीजन प्लांट में तीन ही चालू हालत में मिले। एडी ऑफिस से आए ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. बीएम राव एवं जिला नोडल डॉ. पीएन कन्नौजिया ने बताया कि हाईवोल्टेज के चलते चार में से एक मॉनीटर जलने से यह स्थिति उत्पन्न हुई, इसे दुरुस्त कर लिया जाएगा। सीएमओ डॉ. राजेश झा एवं सीएमएच डॉ. एचके मिश्र ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में संभावित बीमारी को देखते हुए 50 बेड, 50 बड़ा सिलेंडर एवं 10 छोटा सिलेंडर उपलब्ध है। ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 160 बेड, 102 बड़ा और 120 छोटा ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध है। जनपद में आरटीपीसीआर जांच के लिए बीएसएल लैब–2 की स्थापना की गई है। इसमें प्रतिदिन दो हजार जांच करने की क्षमता है। इस समय पांच सौ से अधिक जांच हर रोज हो रही हैं। 24 दिसंबर तक कुल दो लाख 70 हजार 958 जांचे की गई हैं। जनपद में कुल चार हजार वीटीएम एवं 10 हजार एंटीजन जांच किट एवं सात आक्सीजन प्लांट वर्तमान में उपलब्ध है। जांच में डॉ. अजीत पाल सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे।

## कुशीनगर में निवेशको के लिये निवेश के अपार सम्भावनाएं : एसडीएम कसया

कुशीनगर। जनपद के कसया कस्बा स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय में मंगलवार को कुशीनगर मंदिर परिक्षेत्र में निवेश को लेकर एसडीएम द्वारा इन्वेस्टर मित्रा आहूत की गयी। जिसमें निवेश की अपार सम्भावनाओ को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुये एसडीएम कल्पना जयसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सिंगल विंडो कार्यक्रम के तहत निवेशकों के लिये मित्रा पोर्टल बनाया गया है। जहाँ निवेशक अपनी रुचि के अनुसार निवेश के लिये आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि कुशीनगर अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थली है। जहाँ बौद्ध धर्म के अनुयायी विभिन्न देशों व राज्यों से बहुतायत की संख्या में प्रतिवर्ष भ्रमण के लिये आते है। इसके अलावा अन्य लोग भी यहाँ बौद्ध स्थलों के दर्शन हेतु आते है। ऐसे में यहाँ उनके ठहराव कैसे बढ़े तथा उनके लिये अच्छे होटलों, रिसोर्ट की स्थापना सहित शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं दिख रही है। बैठक में उपस्थित निवेशकों द्वारा भी अपनी बातों को रखा गया तथा किस क्षेत्र में निवेश की ज्यादा सम्भावनाए दिख रही है। उस पर अपने सुझाव भी दिये गये। बैठक में जितेंद्र राय निदेशक श्याम थाई चौरिटेबल ट्रस्ट, वीरेंद्र तिवारी प्रबंन्धक बिरला धर्मशाला,भंते महेंद्र, सुभाष पाठक, वशिष्ठ पाठक, राधेश्याम गुप्ता, मनोज चौरसिया, पेशकार राहुल चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

# स्व.अटल बिहारी वाजपेई का व्यक्तिव सामाजिक समरसता में सहायकः चंद्रप्रकाश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिला एकीकरण समिति सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में आदर्श वृद्ध आश्रम नौगढ़ में भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई। श्रीवास्तव ने स्व. अटल के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि स्व. अटल बिहारी बाजपेई लोकप्रिय कवि, प्रखर वक्ता और राजनीति के युग दृष्टा, आदर्शवादी पुरुष और बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व थे। हम सभी को उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को बनाए रखना चाहिए। उक्त अवसर पर देवेंद्र कुमार पांडे प्रतिनिधि जिला युवा कल्याण अधिकारी ने कहा कि अटल प्रथम राजनेता थे, जिन्होंने यू एन जनरल असेंबली मे हिंदी में भाषण देकर भारत के नाम को गौरवान्वित किया। जयशंकर प्रसाद, सदस्य स्थाई लोक अदालत ने कहा कि अटल का जन्म मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। उन्हें सन 1992 में पद्म विभूषण, 1994 में लोकमान्य तिलक अवार्ड व वेस्ट सांसद अवार्ड, 1995 में पं गोविंद बल्लभ पंत अवार्ड व 2014 मे भारत रत्न सम्मान दिया गया। उनका राजनैतिक सफर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुए समन्वयक सच्चिदानंद ने कहा कि राजस्थान के पोखरण में परमाणु परीक्षण कराकर उन्होने जय जवान, जय किसान के नारे में जय विज्ञान का नारा जोड़कर





राष्ट्र को सशक्त बनाने में महती भूमिका अदा की। सिद्धार्थ गौतम जिला संयोजक, सामाजिक संवाद भाजपा ने कहा कि स्व अटल बिहारी बाजपेई ने नेशनल हाईवे डेवलपमेंट अथारिटी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को क्रियान्वित कर विकास पुरुष के रूप में महान कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सिद्वार्थ शंकर ने अटल बिहारी वाजपेई की कुछ कविताएं पढ़ी जो एकीकरण की दिशा में हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है–कदम मिलाकर चलना होगा, बाधाएं आती हैं आएं। घिरे प्रलय की घोर घटाएं, पांवो के नीचे अंगारे, सिर पर बरसे यदि ज्वालाए। निज हाथों में हंसते–हंसते आग लगाकर जलना होगा, कदम मिलाकर चलना होगा। कार्यक्रम को राणा प्रताप सिंह अध्यक्ष संकल्प सेवा समिति, संत राम औतार समेत कई लोगों ने संबोधित कर अटल को नमन किया। उक्त अवसर पर अजीत प्रताप गौतम, ओम प्रकाश, रविकांत, सुजीत, रोशनी, मालती उर्मिला व वरिष्ठ नागरिक जय, उदयराज, शकुंतला, सावित्री, राधा किताबुन्निसा, जेबुन्निसा, गंगोत्री समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## बुखार ने ली एक हफ्ते मे दो बहनो की जान

कुशीनगर । जनपद के मोतीचक विकास खंड के मुहम्मदा जमीन सिकटिया गांव के घोसीपुर टोला में एक सप्ताह के भीतर दो बहने बुखार के चपेट मे आकर असमय ही काल के गाल मे शमा गई। बताया जाता है कि तीसरी बहन भी पीड़ित है और उसका मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में इलाज चल रहा है। काबिलेगौर है कि मोतीचक विकास खण्ड के सिकटिया गांव के निवासी योगेंद्र की नौ वर्षीय पुत्री सालू को एक सप्ताह पहले तेज बुखार के साथ शरीर में ऐंठन होने लगी तो घरवाले उसे जिला अस्पताल ले गए। वहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। योगेंद्र की दूसरी पुत्री दो वर्षीय अमृता को भी बुखार एवं शरीर में ऐंठन शुरू हुई तो शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा ले जाया गया। वहां के चिकित्सक ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रविवार की शाम उपचार के दौरान अमृता की भी मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज की ओर से अमृता के मृत्यु प्रमाणपत्र में रोग का नाम सेप्सिस शाक एंड रेस्पायरेटरी फेलोर बताया गया है। योगेंद्र की तीसरी पुत्री एक वर्षीय प्रीति भी इसी रोग से पीड़ित है। उसका भी उपचार मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। रोग को लेकर गांव वाले भयभीत हैं, उन्हें डर सता रहा कि रोग महामारी का रूप न ले ले। इस मामले में बीआरडी मेडिकल कॉलेज के टीबी एवं चेस्ट विभाग के अध्यक्ष डॉ. अश्वनी मिश्रा ने कहा कि यह कोई नई बीमारी नहीं है। संक्रमण पूरे शरीर में फैल जाने से दिल और फेफड़ा काम करना बंद कर देता है। जिससे व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। जब भी बुखार हो या फिर अन्य कोई तकलीफ तत्काल इलाज कराना जरूरी होता है।

## जर्नलिस्ट प्रेस क्लब तहसील इकाई की बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवां,महराजगंज। जर्नलिस्ट प्रेस क्लब तहसील इकाई नौतनवा की




बैठक किया गया जिसमें तहसील अध्यक्ष अतुल जायसवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव की माता के निधन पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया गया। उपस्थित में सभी पदाधिकारी सदस्यों व पत्रकार ने दो मिनट का मौन रखा कर देववंत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार जगदीश गुप्ता सुनील अग्रवाल संदीप जयसवाल विनोद पटवा सुनील शर्मा अशोक गुप्ता रितेश जयसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा से बौखला गई है भाजपा सरकार: भगवती चौधरी

## 3 जनवरी को प्रवेश करेगी यूपी में राहुल गांधी की यात्रा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। 136 वा कांग्रेस स्थापना दिवस जिला कांग्रेस कार्यलय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़े धूमधाम से मनाया गया।सेवादल के मुख्य संगठक कौशलेश पाठक ने ध्वज बन्दन कर कार्यक्रम की शुरुवात किया गया। राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा 3 जनवरी से यूपी में प्रवेश करेगी। इसको तैयारी को लेकर बुधवार को पार्टी कार्यलय पर अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, यूपी प्रभारी, छतीसगढ सरकार के राज्य मंत्री राजेश तिवारी व भारत जोड़ो यात्रा कमेटी के सदस्य पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी आगमन हुआ जहाँ कार्यकर्ताओ ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी व भगवती चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान चलाने निकले है। राहुल गांधी गरीबो, मजदूरों, युवाओं, छात्रों, किसानों की आवाज बन रहे है। राहुल गांधी की देश मे बढ़ती लोकप्रियता से बीजेपी घबराई हुई है। बीजेपी के नेता लागतार उनके खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करने में लगे हुए है। तिवारी ने कहा कि देश मे भयंकर महंगाई बढ़ रही है। आमजनता महगाई की मार से त्रस्त है। किसानों को खाद बीज नही मिल पा रहा है। युवाओं को रोजगार देने में बीजेपी फेल साबित हो रही है। यूपी में कानून व्यवस्था फेल है, महिलाओं पर लागतार अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जो भी संस्थाए और कल कारखाने बनाये थे बीजेपी सरकार केवल बेचने पर तुली है। आने वाले दिनों में जनता ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकेगी। पूर्व विधायक भगवती चौधरी ने कहा कि बीजेपी सरकार में जनता परेशान व हताश है। आमजनता अब कांग्रेस की तरफ आशा भरी निगाह से देख रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खा ने कहा कि बीजेपी सरकार ने देश मे नफरत फैलाने का काम किया है।



राहुल गांधी जी सबको लेकर चलने का काम कर रहे है। देश में नफरत की नही प्रेम की जरूरत है। प्रदेश सचिव कमलेश ओझा ने कहा कि राहुल गांधी के यात्रा में जनपद के हजारों लोग शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने कहा कि जनपद के कोने कोने से कार्यकर्ता राहुल गांधी के यात्रा में शामिल होंगे। युवाओं में राहुल के यात्रा को लेकर काफी उत्साह है। उक्त मौके पर हाजी फरीद अहमद, राजेश द्विवेदी, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, जगदीश मिश्रा, शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा, सेराज हुसैन, अमित चौबे, ऊषा चौबे, कौशलेश पाठक, कन्हैया पांडेय, आशुतोष दुबे, इस्तियाक अंसारी, जितेंद्र पासवान, जय शंकर, नूर अहमद, विनोद तिवारी, नागेश मणि पाठक, नूरुद्दीन खा, धीरज पांडेय, मृदुल मिश्रा, शशांक मिश्र, मुश्ताक खा, निगम मिश्र, बंशीधर पांडे, जितेंद्र पांडेय सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## शार्टसर्किट से लगी आग, घर का सामान जलकर खाक



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। थाना करमा अंतर्गत करकोली गांव निवासी मराक्षी देवी पत्नी स्व, राधेश्याम मौर्य के घर दोपहर करीब डेढ़ बजे विजली के सार्टसर्किट से घर में आग लग गई आग लगने से लाखों का सामना जल गया। आग बुझाने के लिए जब तक गांव के लोग पहुंचते तब तक आग पूरे घर को अपने आगोश में ले ली थी जिससे घर में रखा सामान फ्रीज, आलमारी, टीवी, कपड़ा, सिंगारदान ,सोफा आदि सामान जल कर राख हो गया। भुक्तभोगी के अनुसार लाखों रुपये की नुकसान हुआ है। सूखे की मार झेल रहा परिवार के समक्ष रोजी रोटी के साथ आशियाना की समस्या उत्पन्न हो गई है।

## ब्लॉक स्तरीय टीएलएम कार्यशाला का समापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। देवा क्षेत्र के बीआरसी केंद्र पर तीन दिवसीय



कार्यशाला का समापन खंड शिक्षा अधिकारी रामनारायण यादव द्वारा किया गया कक्षा 1 व 2 के बच्चों को निपुण बनाने के लिए प्रयुक्त रोचक ज्स्ड निर्माण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके प्रथम दिवस तुकांत शब्द, स्टोरी कार्ड, संख्या कार्ड, द्वितीय दिवस दूर और पास के चित्र कार्ड, अंदर और बाहर के चित्र कार्ड, वन आफ वन कॉरेस्पोंडेस, पैटर्न शेप कार्ड तथा तृतीय दिवस मास्क निर्माण, क्रमबद्धता, चरण बद्धता के बारे में ज्स्ड निर्माण और उनके प्रयोग के बारे में बताया गया जिसका सभी प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक निर्माण किया और प्रदर्शन किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस उत्साह के साथ आप लोगों ने इस कार्यशाला में टी एल एम का निर्माण किया है। वह उत्साह विद्यालय में भी बना रहना चाहिए जिससे कि विद्यालय में शिक्षण रुचिकर लगे और बच्चों में अधिगम की क्षमता का विकास हो सीखने की ललक जागृत हो। प्रशिक्षक सुधारानी, प्रियंका श्रीवास्तव, विवेक वर्मा, अलका श्रीवास्तव, आभा प्रजापति व कृति श्रीवास्तव ने रुचिकर कार्यशाला का संचालन किया। जिनका सहयोग सीमा सावलानी और प्रदीप मिश्रा ने किया इस अवसर पर मंजू वर्मा, ओम प्रकाश, प्रीति वर्मा बबीता देवी, प्रीति वर्मा, भावना श्रीवास्तव, मो असलम, उषा रानी, सृष्टि मौर्य, राश्वी बलियान, अंकित, संगीता भारती आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

## रावर्ट्सगंज कचहरी में वकीलों ने आरक्षण बचाने के समर्थन में उठाई आवाज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। रावर्ट्सगंज कचहरी में पिछड़ा समाज के द्वारा आज बुद्धवार को आरक्षण के समर्थन



तथा आरक्षण बचाने की मांग को लेकर एडवोकेट राम सागर शर्मा की अध्यक्षता में प्रदर्शन किया। इस अवसर पर नोटरी अधिवक्ता सत्यप्रकाश कुशवाहा ने कहा कि जिस तरह पिछड़े वर्ग का आरक्षण समाप्त करने की फिराक में लोग पढ़े हुए हैं उसे देखकर लगता है कि हमारा पिछड़ा समाज के जनप्रतिनिधि आंख मूंद कर सो गए हैं आरक्षण के विरोध में हमारे चुने हुए जनप्रतिनिधिा सांसद विधायक मंत्री अन्य जनप्रतिनिधि को तुरंत त्यागपत्र आरक्षण के समर्थन में दे देना चाहिए जिससे हमारे पिछड़े वर्ग समाज का ताकत का पता चल सके। एड पवन कुमार सिंह ने कहा कि पिछड़ों को उनका अधिकार देने के बजाय इन्होंने अपने ही लोगो से हाई कोर्ट में पिछड़े वर्ग के आरक्षण के खिलाफ याचिका लगवा कर पिछड़ों को उनके हक से वंचित कर दिया। एड शारदा प्रसाद मौर्य ने कहा किपिछड़े समाज के सांसद, विधायक, मंत्री बन तो गए परंतु पिछड़े समाज के लोगों पर आज तक कोई ध्यान नहीं दिया मूकदर्शक बनकर अब तक देख रहे हैं इन्हें संसद अथवा विधानसभा में भेजने का कोई लाभ नहीं है बल्कि यह अगड़े समाज चाटुकरिता करते रह गए इसलिए हम पिछड़े समाज के लोगों को इस बात का ध्यान दें कि अगला चुनाव में धूल चटाना होगा। एडवोकेट भानु प्रताप चौहान ने कहा कि राज्य के पिछड़े वर्ग को उनका हक देना ही नही चाहती।

जैसे इन्होंने प्रदेश के सारे वर्गों को छला है वैसे ही पिछड़े वर्ग को भी छलने का काम कर रही है। संचालन महेंद्र सिंह कुशवाहा एडवोकेट ने किया इस अवसर पर अंगद सिंह यादव एडवोकेट, प्रेम प्रताप विश्वकर्मा एडवोकेट ,राम प्रसाद यादव एडवोकेट, राजेश कुमार शर्मा एडवोकेट, टीटू प्रसाद गुप्ता एडवोकेट, कांता यादव एडवोकेट, प्रदीप कुमार एडवोकेट, फूल सिंह पटेल एडवोकेट, राजकुमार पटेल एडवोकेट, श्याम दास विश्वकर्मा एडवोकेट, विमल प्रसाद एडवोकेट, राजेश यादव एडवोकेट, कपिल पटेल एडवोकेट आदि लोग उपस्थित थे।

## ओवर लोडिग को लेकर चला अभियान, 97 गाड़ियों का चालान

***ओवर लोडिंग करने वाले 97 गाड़ियों का चालान कर, 48 वाहनों को सम्बन्धित थानों को अभिरक्षा हेतु किया गया सुपूर्द।***

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी (वि0व्रा0) के नेतृत्व में अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जाँच किया गया, जिसमे कुल 97 वाहनों को अवैध परिवहन किये जाने के करण एम0चेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमे 48 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, ए0आर0टी0ओ0 धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## राजेश तिवारी का हिंदूवारी तिराहे पर किया जोरदार स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष



कुमार दुबे (आशु) के साथ दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने हिंदूवारी तिराहे पर का कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिवध्प्रभारी उत्तर प्रदेश पूर्वी जोन माननीय राजेश तिवारी का गर्मजोशी के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया और वहां से नारा लगाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर होने वाली मीटिंग में ले गए। मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में युवा नेता मनोज मिश्रा, सनी सिंह, श्रीकांत मिश्रा, सूरज वर्मा, दीपक कोहली, इंद्रजीत शुक्ला के साथ दर्जनों कार्यकर्ता रहे।

## पठान मूवी के विरोध में फूंका पुतला

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। मूवी फिल्म पठान के विरोध में दुद्धी तहसील तिराहे



पर विश्वहिंदू परिषद व बजरंग दल के नेतृत्व में शाहरुख खान का पुतला फूंकते हुए जमकर नारेबाजी भी की गई। इस दौरान पठान मूवी बैन करो, भगवा का अपमान नही सहेगा हिंदुस्तान, सहित तमाम नारो के साथ पठान मूवी को बॉयकॉट करने की मांग को लेकर विश्वहिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शाहरुख के पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी करते रहे। इस दौरान जिला मंत्री दिलीप पांडेय, संदीप, मनीष जायसवाल, आमेश कुमार, कौशलेंद्र सहित तमाम विश्वहिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आगामी निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

बहराइच । स्थानीय गांधी पार्क में भारत जोड़ो यात्रा व आगामी निकाय चुनाव के संबंध में कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष शफीक कुरैशी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई स जिसमे कांग्रेस पार्टी के सदस्य कार्यकर्ता शिव कुमार रस्तोगी, इकबाल अहमद, छात्र नेता सादिक हुसैन, प्रेम कुमार, शमीम कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक
श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

## पुलिस लाइन चुर्क में आयोजित की गयी नक्सल समन्वय गोष्ठी

### नियमित काम्बिंगध्एरिया डामिनेशन करने हेतु दिये गये दिशा–निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बुधवार को पुलिस लाइन चुर्क सभागार कक्ष में



अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन सदर) विजय शंकर मिश्र की अध्यक्षता में नक्सल समन्वय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में नक्सली संचरण के दृष्टिगत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अधिक सतर्कता बरतने व आपस में लगातार समन्वय स्थापित कर नियमित काम्बिंग करने तथा काम्बिंग के दौरान स्थानीय ग्रामीणों को समस्याओं को सुनने व उनका हरसम्भव निराकरण कराये जाने व स्थानीय लोगों के साथ वार्ता कर उन्हे मुख्य धारा में रहकर किसी के बहकावे मे न आने व संदिग्ध गतिविधि होने पर उसकी जानकारी स्थानीय पुलिस व प्रशासन को देने के बारे में जागरुक करने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी रॉबर्ट्सगंज रमेश कुमार, सहायक सेनानायक 48वीं वाहिनी पीएसी, उप सोनानायक 48वीं वाहिनी पीएसी, क्षेत्राधिकारी घोरावल संजीव कटियार, क्षेत्राधिकारी सदर डॉ0 चारू द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी लाइन अमित कुमार, क्षेत्राधिकारी दुद्धी आशीष मिश्र तथा जनपद के समस्त नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के थाना प्रभारीध्चौकी प्रभारी सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## बीजपुर में आयोजित की गई बजरंग कबड्डी प्रतियोगिता

दैनिक बुद्ध का संदेश

बीजपुर,सोनभद्र। शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को बजरंग दल के काशी प्रान्त जनपद सोनभद्र, जिला इकाई रेनुकूट



के तत्वावधान में स्थानीय ग्राम पंचायत परिक्षेत्र स्थित मां दूधइया देवी माता के मंदिर प्रांगण में बजरंग कबड्डी प्रतियोगिता 2022–23 का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित म्योरपुर ब्लाक के ब्लाक प्रमुख मान सिंह व विशिष्ट अतिथि युवा पत्रकार प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश सोनभद्र के जिला अध्यक्ष विजय कुमार पटेल संयुक्तरूप से खेल मैदान का फीता काटकर परम्परागत ढंग से कबड्डी खेल के प्रथम मैच का उद्घाटन किया। मैच के दौरान बीजपुर ग्राम के आसपास के ग्रामों की कुल आधा दर्जन टीमों ने भाग लेकर अपने–अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करके दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इसके पूर्व कार्यक्रम के शुरुआती दौर में बजरंग दल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा अतिथियों का परम्परागत ढ़ंग से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से बजरंग दल के वरिष्ठ पदाधिकारियों में उपेंद्र प्रताप सिंह, संदीप गुप्ता, चंदन गुप्ता, अनिल त्रिपाठी, आनंद गुप्ता, वीरेंद्र, बसंत लाल, सहदेव तिवारी, व अन्य युवा कार्यकर्ता के साथ–साथ समाजसेवी शिवधारी गुप्ता, डॉ0 राम प्रसाद सिंह गोड़, पत्रकारगण व काफी तादात में दर्शकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उदघोषक की भूमिका का निर्वहन श्रीराम यादव ने किया।

# नहीं पड़ेंगी नकली लेशेज की जरूरत, ये असरदार उपाय दिलाएंगे खूबसूरत और घनी पलकें



खूबसूरत आंखें हर शख्स के चेहरे का नूर बढ़ा देती हैं। अगर किसी महिला की पलकें घनी और गहरी हों, तो खूबसूरती बेमिसाल लगती है। यही कारण है कि युवतियां घनी पलकों की चाहत रखती हैं, इसलिए कई युवतियों के मन में यह यह सवाल हमेशा रहता है कि पलकें कैसे घनी बनाई जाए। ऐसे में जिन युवतियों की पलकें हल्की होती हैं, वो मेकअप और नकली लैशेज की मदद से इन्हें घना बनाने की कोशिश करती हैं। कुछ लड़कियां तरह–तरह के घरेलू नुस्खें भी अपनाती हैं। ऐसे में आज हम आपको पलकें लंबी और घनी बनाने के लिए कुछ प्रचलित घरेलू उपचार लेकर आए हैं। तो चलिए जानते है इनके बारे में...

अरंडी का तेल

अरंडी के तेल में टी–ट्री ऑयल मिला लें। अब इस मिश्रण को मस्कारा ब्रश या ईयर बड की मदद से रात को पलकों पर लगाएं।रात भर इसे पलकों पर लगा रहने दें।सुबह पानी से आंखों को धो लें।इसे रोजाना रात को पलकों पर लगाकर सोएं।

विटामिन–ई

विटामिन–ई कैप्सूल में एक पिन से छेद करेंअब इसका तेल निकालकर साफ उंगलियों से अपनी पलकों पर लगा लें।इस तेल को तीन–चार घंटे या पूरी रात पलकों पर लगा रहने दें।फिर सुबह साफ पानी से आंखों को धो लें।बेहतर परिणाम के लिए रोज आंखों पर विटामिन–ई कैप्सूल का तेल लगा सकते हैं।

ग्रीन–टी

एक कप गर्म पानी में ग्रीन–टी की पत्तियां डालकर कुछ देर उबाल लें।जब पानी ठंडा हो जाए, तो उसे पलकों पर लगाएं।इस पानी को रातभर अपनी पलकों पर लगा रहने दें।अगली सुबह पानी से चेहरा धो लें।ऐसा रोजाना किया जा सकता है।

पेट्रोलियम जेली

सावधानीपूर्वक अपनी पलकों पर पेट्रोलियम जेली लगाएं।अब कुछ देर इससे मसाज करें और रात भर लगाकर छोड़ दें।इसे हर रात को सोने से पहले लगा सकते हैं।

शिया बटर

सबसे पहले उंगलियों पर थोड़ा–सा शिया बटर लें और अच्छी तरह रगड़ कर पिघला लें।अब इसे पलकों पर लगाएं।इसे पलकों पर लगाकर रात भर के लिए छोड़ दें और सुबह पानी से धो लें।बेहतर परिणाम के लिए ऐसा रोज रात को सोने से पहले प्रयोग करें।

जैतून का तेल

सबसे पहले जैतून के तेल और अरंडी के तेल को अच्छी तरह मिला लें।रात को सोने के पहले ईयर बड की मदद से इस तेल को पलकों पर लगाएं।सुबह उठकर मुंह को रोजाना की तरह पानी से धो लें।इस प्रक्रिया को रोजाना रात को सोने से पहले करें।

## सिल्वर कलर के लहंगे में प्रिंसेस सी नजर आईं हिना खान

एक्ट्रेस हिना खान सोशल मीडिया पर अपनी आउटफिट से कहर बरपाने का हुनर बखूबी जानती हैं। वहीं, सिल्वर कलर के लहंगे में हिना खान की ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। हिना खान का ये लुक देखकर कोई उन्हें परी बता रहा है



तो कोई उन्हें प्रिंसेस बता रहा है। एक्ट्रेस हिना खान ने अपने लेटेस्ट आउटफिट में ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। हिना खान शिमरी लहंगे के साथ डीपनेक चोली में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर रही हैं। ग्लॉसी मेकअप और ओपन कर्ल हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस हिना खान गजब की बला लग रही हैं। स्पार्किंग लहंगे में देखकर फैंस उनकी खूबसूरती पर अपना दिल वार रहे हैं। हिना खान के फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। सिल्वर कलर के आउटफिट के साथ एक्ट्रेस ने नेकलेस और क्राउन को कैरी कर रखा है। जिसमें वो एक प्रिंसेस सी नजर आ रही हैं। बिग बॉस फेम हिना खान ने बेहद कम समय में इंडस्ट्री में खास जगह बनाई है। हिना खान अपने अलहदा अंदाज और खूबसूरती के लिए काफी पॉपुलर हैं। साथ ही वो अपने लुक्स के साथ एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। एक्ट्रेस हिना खान टीवी एक्टर शहीर शेख के साथ बारिश बन जाना गाना में नजर आ चुकी हैं।






## खाकीः द बिहार चैप्टर 2 पर जल्द शुरू होगा काम, नीरज पांडे ने की पुष्टि



नेटफ्लिक्स पर आई वेब सीरीज खाकीरू द बिहार चौप्टर को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज भ्रष्टाचार और अपराध पर आधारित है। भव धूलिया ने इसका निर्देशन किया है। वहीं इस सीरीज की स्क्रिप्ट फिल्ममेकर नीरज पांडे और उमाशंकर सिंह ने लिखी है। नीरज ने एक इंटरव्यू में इसके दूसरे सीजन को लेकर अहम जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि वह जल्द इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। नीरज पांडे से शो के दूसरे सीजन को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा, शो का हमेशा यही विजन था। हम बहुत जल्द दूसरे सीजन को लिखना शुरू करने जा रहे हैं। इसकी स्क्रिप्ट से लेकर कास्टिंग तक में लगभग 8–9 महीने लग जाएंगे। इस सीरीज की कहानी चंदन महतो और आईपीएस अमित लोढ़ा के इर्द–गिर्द घूमती है। अमित पर हाल ही में भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे थे।

## सिंघम अगेन अक्षय कुमार की सूर्यवंशी से 10 गुना बड़ी होगी




पिछले साल आई रोहित शेट्टी की सूर्यवंशी ने सिनेमाघरों में अच्छी कमाई की थी। वह अभी सिंघम फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में हैं। एक इंटरव्यू में रोहित ने कहा कि अजय देवगन अभिनीत सिंघम अगेन अक्षय कुमार की सूर्यवंशी से 10 गुना बड़ी होगी। उन्होंने बताया कि उनकी इस फिल्म की स्क्रिप्ट अच्छी बनी है और वह इसके जरिए दर्शकों को लार्जर दैन लाइफ वाली एंटरटेनिंग फिल्म देंगे। सिम्बा के रूप में फिल्म में एंट्री करेंगे रणवीर सिंह रोहित ने कहा, हम सिंघम अगेन के लिए बहुत उत्साहित हैं, क्योंकि इसकी स्क्रिप्ट वास्तव में अच्छी बनी है। यह लार्जर दैन लाइफ फिल्म है। यह सूर्यवंशी से 10 गुना बड़ी फिल्म है। रोहित ने बताया कि इस फिल्म में रणवीर सिंह की सिम्बा के रूप में एंट्री होगी। फिल्म की शूटिंग अगले साल मार्च में शुरू हो सकती है। बता दें कि रोहित के निर्देशन की सिंघम 2011 में और सिंघम रिटर्न्स 2014 में रिलीज हुई थी।

## हर होने वाली दुल्हन के पास जरूर होनी चाहिए ये ज्वेलरी



हर लड़की के लिए शादी एक यादगार अवसर होता है और उसके पहनावे के साथ–साथ ज्वेलरी उसके इस खास दिन की चमक को और ज्यादा बढ़ा सकती हैं। नेकलेस और झुमके से लेकर मांगटीका और चूड़ियां, हर पीस होने वाली दुल्हन को आकर्षक लुक देने में मदद करता है। आइए आज हम आपको पांच ज्वेलरी पीस के बारे में बताते हैं, जो हर होने वाली दुल्हन के पास जरूर होने चाहिए।

सोने या हीरे का हारः शादी के साजो–सामान में ज्वेलरी सबसे महत्वपूर्ण है और हार दुल्हन के लुक को पूरा करता है। इसके लिए आप अपनी शादी में एक हल्का गोल्डकॉइन हार पहन सकती हैं, जो ट्रेडिशनल लुक के लिए परफेक्ट रहेगा। अगर आप पेस्टल कलर का लहंगा पहन रही हैं तो हीरे का हार चुनें। रॉयल लुक के लिए आप चोकर के साथ लेयर्ड लंबा रानी हार भी ट्राई कर सकती हैं।

खूबसूरत ईयररिंग्स

शादी का लुक खूबसूरत ईयररिंग्स के बिना अधूरा है। अगर आपने शादी के लिए क्लासिक ट्रेडिशनल लुक चुना है तो बड़ी चांदबाली या झुमके बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। हालांकि, अगर आप कुछ हल्का कैरी करना चाहती हैं तो शैंडलियर इयररिंग्स, स्पार्कलिंग डायमंड सॉलिटेयर या स्टोन वाले ईयररिंग भी चुन सकती हैं। ये आपकी शादी के विभिन्न अवसरों के लिए भी उपयुक्त हैं।

डायमंड के आकार का मांगटीका

होने वाली दुल्हन के बीच वाले बालों पर लगाया जाने वाला मांगटीका भी एक अच्छा लुक देता है। हिंदू शादियों की महत्वपूर्ण गहनों में से एक मांगटीका होने वाली दुल्हन के पूरे लुक में एक सदाबहार आकर्षण जोड़ सकता है। इसके लिए आप मोतियों या ट्रिंकेट वाली डायमंड के आकार का मांगटीका चुन सकती हैं। वैसे आजकल माथा पट्टी भी काफी ट्रेंड में है, इसलिए इसे चुनना भी बेहतर है।

चूडियां

चूडियां भारतीय शादी की परंपराओं को परिभाषित करती हैं और दुल्हन के लुक को आकर्षित बना सकती हैं। आप सोने या चांदी में सुंदर पोल्की या मीनाकारी वाली चूडियों का चयन कर सकती हैं। अगर आप कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं तो डैंगलिंग कलीरे बैंगल्स जैसे खूबसूरत स्टेटमेंट पीस भी ट्राई कर सकती हैं। आप अपने साजो–सामान में चौड़ी चूडियां या कंगन भी शामिल कर सकती हैं।

एक नथ

नथ को नोज रिंग के रूप में भी जाना जाता है। प्राचीन काल से दुल्हनों का नथ पहनना शुभ माना जाता है। हालांकि, अगर आपकी नाक नहीं छिदी हुई है तो आप क्लिप–ऑन नथ का चयन कर सकती हैं। एक आसान तरीका यह है कि कुंदन वर्क और मोती की चेन वाली एक सोने की नथ को भी चुन सकती हैं।